रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/92

REGISTERED NO. DL—33001/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 28] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 11, 1992 (आषाढ़ 20, 1914)

No. 28] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 11, 1992 (ASADHA 20, 1914)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

बम्बई-400005, दिनांक 10 जून 1992

सं० 137/12.01.001/92—भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उपधारा (7) और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 53 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक इसके द्वारा यह निदेश देता है कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा अनिवासी (अप्रत्यावर्तनीय) रुपया जमा योजना के अंतर्गत जुटायी गयी जमा राशियां 26 जून, 1992 को समाप्त होने वाले पखवाड़े से प्रारंभिक नकदी निधि अनुपात/सांविधिक चलनिधि अनुपात संबंधी आवश्यकताओं के प्रयोजनार्थ निवल मांग और मियादी देयताओं का भाग नहीं मानी जायेंगी।

कुमारी वि० विश्वनाथन,
कार्यपालक निदेशक

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

नई दिल्ली-110002, दिनांक 29 मई 1992

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स)

सं० 3-एन० सी० ए० (8)/9/91-92—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम, 1988 के विनियम 10(1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये गये प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके

आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं।

क्र० संख्या	सदस्ता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	84663	श्री हर्ष कुमार साहनी, एफ० सी० ए०, सी बी एस-9, सोहना इंडस्ट्रियल इस्टेट, जी० टी० करनाल रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110033	14-6-91
2.	85249	श्री संजय गुप्ता, ए०सी०ए०, 8-ए, तिलक ब्रिज, रेलवे कालोनी, नई दिल्ली-110001	1-3-92
3.	87236	श्री आनन्द मोहन बजाज, ए० सी० ए०, 'गारोज' चौड़ा मैदान, शिमला-171004	16-9-91
4.	87801	श्री गिरिश कुमार, ए०सी० ए०, 70, सैंट मार्टिन्स एवेन्यू, लीड्स 1 एस7 3एलएफ, यू० के०	9-12-91
5.	89593	श्री मनोज हेडा, ए०सी०ए०, एल-1/17ए, कालका जी, डी० डी० ए० फ्लैट्स, नई दिल्ली-110019	20-6-91
6.	90048	श्री राजेश चोपडा, ए०सी०ए०, के-46, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092	14-2-92
7.	90156	श्री ललित कपूर, ए०सी०ए०, 77, ए० जी० सी०आर० एंक्लेव, दिल्ली-110092	23-2-92

ए० के० मजुमदार,
सचिव

सं० 3-एन० सी० ए० (8)/10/91-92 :—रेगुलेशन 10(1) की धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स के रेगुलेशन 1983 के अधिनियम 10(2) (बी) के साथ पढ़ा जाए, के अनुसार एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों का कार्य करने का प्रमाण-पत्र 9-12-1991 से रद्द समझे जाएगें क्योंकि उन्होंने कार्य प्रमाण-पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं किया था।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता
1	2	3
1.	1754	श्री प्रकाश चन्द सूद, एफ० सी० ए०, ए-12/2, एस०एफ०एस० एकलेव, साकेत, नई दिल्ली - 110 017.
2.	2976	श्री हरदयाल सिंह, एफ० सी० ए०, केयर ओफ एच० एस० आहूजा एण्ड कं०, 61-एच, कनाट सर्कस, गोविन्द मैंसन, नई दिल्ली-110 001.
3.	12782	श्री अनिल प्रकाश, ए० सी० ए०, एस जे एस क्लोथिंग कं० लि०, 63, ग्रेट पोर्टलैंड स्ट्रीट, लंदन विन 5 डीएच, यूनाइटेड किंगडम
4.	15114	श्री हरी राम शर्मा, एफ० सी० ए०, केयर ओफ हरीराम एण्ड कं०, 16/63, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110035.
5.	17479	श्री अनिल कुमार जैन, एफ० सी० ए०, 94, दारियागंज, नई दिल्ली-110002.
6.	17926	श्री कुन्दन लाल पुरी, ए० सी० ए०, केयर ओफ एस० सी० जैन, एसिसटैंट डारैक्टर दि इंस्टीट्यूट ओफ कोस्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टैन्ट्स ओफ इंडिया, आईसीडब्ल्यूआई भवन, 3 इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003.
7.	19090	श्री एस० रामन, ए० सी० ए०, 145, मरखाम स्ट्रीट, टोरोन्टो ओन्टारियो, एम6 जे 2 जी एच कनाडा
8.	25489	श्री के० एस० कैलाशनाथ, ए०सी०ए०, बी-2/62, (2 फ्लोर), जनकपुरी नई दिल्ली-110058
9.	71177	श्री महेन्द्रा पाल सिंह, ए० सी० ए०, 65, न्यू लाजपत नगर, लुधियाना

1	2	3
10.	80251	श्री ग्यान प्रदीप भारतिया, ए० सी० ए०, रोड नं० 8/14, पंजाबी बाग एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110026
11.	80471	श्री विजय नायर, एफ० सी० ए०, सीनियर फाइनेंशियल प्रोडिटर नैशनल बैंक आफ ओमान लि०, पो०ओ०बाक्स 3754, रुवी, मस्कट, सल्तनत ओफ ओमान
12.	80690	श्री सुरेश कुमार, एफ० सी० ए०, 4697/4, राम भवन, 21 दरिया गंज, नई दिल्ली-110002
13.	80744	श्री सुधीर कुमार गुलाटी, एफ०सी०ए०, केयर आफ डा० जगदीश चन्द्रा, 211, हंसाईड अजमेरी गेट, दिल्ली
14.	80815	श्री धनी राम, ए० सी० ए०, 96, माडल बस्ती, नई दिल्ली-110 005
15.	82022	श्री हरी ओम भाटिया, एफ० सी० ए०, एच-242, अशोक विहार फेज-I, दिल्ली-110052.
16.	82042	श्री अरविन्द कालिया, ए० सी० ए०, सी०-222, ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली-110048.
17.	82278	श्री रोहित रेलन, ए० सी० ए०, एस-233, पंचशिला पार्क, नई दिल्ली-110017.
18.	82397	श्री अशोक कुमार, एफ० सी० ए०, एफ-76, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015.
19.	82703	श्री राजीव नरूला, ए० सी० ए०, बी-66, सी० सी० कालोनी, अपोजिट आर० पी० बाग, दिल्ली-110007.
20.	83052	श्री प्रमोद कुमार, एफ० सी० ए०, सीजी-10, साहना इंडस्ट्रियल इस्टेट, 389, जी० टी० करनाल रोड, दिल्ली-110033.
21.	83136	श्री मोहन लाल कंसल, एफ० सी० ए०, 14, मनीली स्ट्रीट, स्कारबोरो, ओन्टारियो, कनाडा एम० 1 डबल्यू० 3 आर 7
22.	83542	श्री नरेश कुमार चोपड़ा, ए० सी० ए०, 1 फ्लोर, राम सरूप आशोक कुमार, करियाना एण्ड ड्राइ फ्रूट मर्चेंट्स रैनक बाजार, जलंधर सिटी
23.	82433	श्री पवन प्रकाश गुप्ता, एफ० सी० ए०, 303, महावीर श्री हाऊस, 4771/23, भरत राम रोड़, दरिया गंज नई दिल्ली-110002.
24.	83694	श्री विमलराय खन्ना, एफ० सी० ए०, जी-1, जंगपुरा एक्सटैंशन, बिहाइन्ड ईरोज सिनेमा, नई दिल्ली
25.	83702	श्री बृज भूषण खुंगर, एफ० सी० ए०, 54, दरियागंज, नई दिल्ली-110002.
26.	83779	श्री रजत कुमार मेहता, ए० सी० ए०, 45-ए पोकेट बी, विकास पुरी एक्सटैंशन, नई दिल्ली-110018.
27.	84143	श्री कमलेश कुमार, ए० सी० ए०, एम.आई.जी-2 मा पोकेट ए, विकासपुरी एक्सटैंशन, आउटर रिंग रोड, नई दिल्ली
28.	84255	श्री रत्तन सिंह, ए० सी० ए०, एसिसटैंट मैनेजर, पंजाब फाइनैनशियल कोरपोरेशन, सैक्टर 17-बी, चण्डीगढ़-160017.
29.	84351	श्री अजय गोगिया, ए० सी० ए०, एच० नं० 4042, सैक्टर 46 डी, चण्डीगढ़-160017.
30.	84468	श्री ललित चावला, ए० सी० ए०, हाऊस नं० 7, सैक्टर 19-ए, चण्डीगढ़
31.	84571	श्री जे० विश्वनाथ, ए० सी० ए०, सी-2, 117 मोती बाग, नई दिल्ली-110021.
32.	84714	श्री प्रवीण कुमार बंसल, ए० सी० ए०, 104, एम० एम० हाऊस, 59, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली-110055.

1	2	3
33.	84975	श्री रोहित आनन्द, ए० सी० ए०, 21/16, ओल्ड राजिन्दर नगर, नई दिल्ली–110060.
34.	85374	श्री संजीव कुमार गुप्ता, ए० सी ० ए०, 1 फ्लोर, डब्ल्यू पी–504, शिव मार्किट, अशोक विहार, दिल्ली–110052.
35.	85884	श्री सुरिन्दर कुमार, ए० सी० ए०, अक्षय राज आटो वेन, नियर मैन बस अड्डा, गुड़गांव (हरियाणा)
36.	86032	श्री सुनिल कुमार जैन, ए० सी० ए०, केयर ओफ यूनिलीवर अरेबिया पो० बोक्स नं०3148, दुबई (यू०ए०ई०)
37.	86038	श्री संजय कुमार बंसल, ए० सी० ए०, 12, कोम्युनिटी सैन्टर नं० 2, अशोक विहार फेज–2, दिल्ली–110052.
38.	86251	श्री अरविन्दर सिंह, ए० सी० ए०, 150/1, शहीद उधम सिंह नगर, जलंधर सिटी (पंजाब)
39.	87300	श्री अमित पांडे, ए०सी०ए०, परमानन्द इस्टेट, 104, फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली–110024
40.	87403	श्री करुण कुमार जैन, ए० सी० ए०, एक्स०1550, राजगढ़ कालोनी, स्ट्रीट नं० 9, दिल्ली-110031
41.	87434	श्री दिनेश सिंह यादव, ए०सी०ए०, डी-7, डी०डी०ए० एमआईजी फ्लैट्स, गुलाबी बाग, दिल्ली-110007
42.	87993	मिसिज लवलीन जैन, ए० सी० ए०, केयर आफ श्री सुनिल कुमार जैन, पोस्ट बाक्स 3148, दुबई (यू० ए० ई०)
43.	88400	श्री आर० वेंकट राव, ए० सी० ए०, 252, नर्मदा अपार्टमेंट्स, पाकेट-बी, अलकनन्दा, नई दिल्ली-110019
44.	89128	मिस क्षमा वेंकटरमैया, ए० सी० ए०, सी-74, तक्षिला अपार्टमैंट्स, प्लाट नं० 57 पटपटगंज, इन्द्रप्रस्था एक्सटेंशन, दिल्ली-110092
45.	89179	श्री आशित मारू, ए० सी० ए०, डब्ल्यू-56, ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली-110048
46.	89527	श्री संजय कुमार, ए० सी० ए०, 7263 रीइंडीयर ड्राइव, माल्टन मिसिसौगा, ओन्टारियो एल 4 टी 2एम6, कनाडा ।

ए० के० मजूमदार,
सचिव

सं० 3-एन० सी० ए० (8)/11/91-92—रेगुलेशन 10(1) की धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स के रेगुलेशन 1988 के अधिनियम 10(2) (बी) के साथ पढ़ा जाए के अनुसार एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्य का कार्य करने का प्रमाण-पत्र उसके आगे दी गई तिथि से रद्द समझा जायेगा क्योंकि उसने कार्य प्रमाण-पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं किया था ।

क्रम सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	86973	श्री सैयद शहीद जहीर, 903, आशादीप, 9 हैली रोड़, नई दिल्ली–110001	1–10–89

ए० के० मजुमदार,
सचिव

बम्बई–400005, दिनांक 16 मार्च 1992

सं० 3 डब्ल्यू०सी०ए० (4)/18/91-92—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 की उपधारा 1 (सी) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से

सदस्यता वार्षिक शुल्क न भरने के कारण निम्नलिखित सदस्यों के नाम उनके आगे दी गई तिथियों से हटा दिया गया है।

क्रम संख्या	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	007467	श्री ए० पुरोहित प्रियावदन चुनीलाल 10-ए, साराभाई सोसायटी, साराभाई केमिकल्स के सामने वाडा वाडी, बरोडा-390007	9-12-91
2.	012706	श्री पटेल मनोहर शंकरभाई, पो० बो० नं० 41832, नैरोबी, केन्या	9-12-91
3.	015419	श्री पटेल प्रभाकर रसिकलाल, अल-शिरावी ग्रुप ऑफ केपनीस, पो० बो० नं० 93, दुबई, यू० ए० ई०	9-12-91
4.	030118	श्री शेठ यशवंत प्रताप, 8, साधना 10 रोड, खार, बम्बई-400051	9-12-91
5.	031486	श्री गोपनीनाथ पी०, मार्फत: पुरेकेम इंडस्ट्रीज लि०, 123/125, नामदी अजिकावे स्ट्रीट, पी० ओ० बा० 2701. लागोस, नाईजीरिया,	9-12-91
6.	033037	श्री शाह विक्रम बाबुलाल, बी० बी० शाह एण्ड कं०, 180/ए, डॉ० भडकमकर रोड, मिनरवा सिनेमा के सामने, बम्बई-400007	9-12-91
7.	035383	श्री पटेल भूपेंद्रा कानुभाई, 5, योगीकृपा अपार्टमेंटस, घोसा सोसायटी के पास, थालतेज रोड अहमदाबाद-380054	9-12-91
8.	036607	श्री चिन्नाकावनम गोविन्द-राज डी०, पी० ओ० बा० 4611, रुई, सलतनत आफ ओमान	9-12-91
9.	039370	श्री राजेन्द्र टी० शाह, 147, जयप्रकाश रोड, अंधेरी (प) बम्बई-400058	9-12-91
10.	041572	श्री गांधी प्यूश हसमुखलाल शांता भवन, बी० पी० रोड, विले पार्ले, (प०), बम्बई-400056	9-12-91
11.	043722	श्री महेश के० शेटये, रिवेन्यु आफिस, सदर, पोंडा, गोवा	9-12-91
12.	081411	श्री राजगोपाल जगन्नाथ, फ्लेट नं० 95 ए, मेहेर अपार्टमेंटस ग्रानेस्टी रोड, बम्बई-400026	9-12-91

ए० के० मजुमदार,
सचिव

दिनांक 19 मई 1992

सं० 3 डब्ल्यू० सी० ए० (8) 17/91-92—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए गए प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को उनके आगे दी गई तिथि से रद्द कर दिया गया है क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं।

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	017122	श्री देसाई योगेन्द्र कुमार, इंदुवाई, एफ० सी० ए०, पो० ओ० बाक्स 4102, रुई मसकत, सलतनत आफ ओमान।	9-4-92
2.	033203	श्री कानकिया किर्तीकुमार रमनीकलाल, एफ० सी० ए० के० आर० कानकिया एंड कं०, 402, राजगोर चेंबर्स, मस्जिद साइडिंग रोड, सूरत रोड, बम्बई-400009।	27-1-92
3.	033268	श्री वेद राजेश रजनीकान्त, बी० काम० (हानर्स), एफ० सी० ए० ब्लाक नं० 6, 3रा मंजला, तेजपाल बिल्डिंग, पंसुली क्रोस रोड, बम्बई-400007।	16-4-92

1	2	3	4
4.	034627	श्री शर्मा विजयकुमार हरीवल्लभ, एफ० सी० ए०, 405, "ए" लेन्सलोट बिल्डिंग, दातानी नगर के पास, एस० वी० रोड़, बोरीवली (प), बम्बई–400092 ।	30–3–92
5.	036158	श्री छाउबल प्रशांत वैजनाथ, एफ० सी० ए०, 3/सी, सर्वोदय भुवन, गोखले रोड़, नार्थ दादर, बम्बई–400028 ।	7–4–92
6.	036545	श्री बीमानी कमलकुमार शंकरलाल, एफ० सी० ए०, एस–3/10, सुन्दर नगर, मालाड (पश्चिम), बम्बई–400064 ।	1–4–92
7.	039221	श्री प्रारख लखीचन्द कपुरचन्द ए० सी० ए०, आर० के० देसाई एण्ड कं०, 281, जे० एस० रोड़, भीमराव हाउस, गिरगांव, बम्बई–400004 ।	20–3–92
8.	039610	श्री रमन सी० सुरेश, एसीए, 23/714, टेगोर नगर, विक्रोली, बम्बई-400083 ।	27–3–92
9.	040719	श्री कतयारा प्रकाश ईश्वरदास, ए० सी० ए०, 27, माताजी बंगलो, नेताजी सुभाष रोड़ मुलुंड, बम्बई–400080 ।	30–3–92
10.	041673	श्री तलसानिया जिनेश, किर्तीकुमार, ए० सी० ए०, 3/170, सम्राट अशोक, 7, आर० आर० ठक्कर मार्ग, मालाबार हिल, बम्बई–	20–3–92
11.	041783	श्री मेअरदालाल मौलीक गिरीष, ए० सी० ए०, दलाल देसाई एण्ड कुमाना, 23, सर पी०एम० रोड़, बम्बई–400001 ।	1–4–92
12.	042057	श्री मुकाशिवस्शासी विमय, ए० सी० ए०, मंदा निवास, तिलक नगर, डोंबिवली–421201 ।	26–3–92
13.	042685	श्री भोजक भास्कर महिन्द्र माल, ए० सी० ए०, बी० भास्कर एण्ड कं०, 21/246, श्री योगेश्वर अपार्टमेंट्स रामेश्वर अपार्टमेंट्स, के पीछे, नारापुरा, अहमदाबाद–380013 ।	13–3–92
14.	043807	श्री देसाई द्वियेश कांतिलाल, ए० सी० ए०, 2–बी, देवआशिश, पेडर रोड़, बम्बई–400026 ।	20–3–92
15.	043943	श्री मालकन हरेन्द्र लालचन्द ए० सी० ए०, बी०–3, माधव बाग, जांबली गली, एस० वी० रोड़, बोरीवली (प०), बम्बई–400092 ।	26–3–92
16.	044690	श्री नेहाते अनंत घामन, ए० सी० ए०, श्री एस० एस० बढे, ए–2, 1ला मंजला, इकोपा. गनसागर नगर, कलवा (प), थाना–400605 ।	24–3–92
17.	045328	श्री पाथरपेखर रोहान किशोर, ए० सी० ए०, 6ए, क्राउन मेन्शन सी,, फोरजेट स्ट्रीट, क्रास लेन, ग्वालिया टेंक, बम्बई–36 ।	01–4–92
18.	045392	श्री मोनॉय गणेश, ए० सी० ए०, ए/12, डिवाइन लैण्ड, जेसल पार्क, भयंदर (पूर्व), बम्बई–401105 ।	1–4–92

ए० के० मजुमदार,
सचिव

कलकत्ता-00071, दिनांक 19 मई 1992

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

सं० 3–ई० सी० ए० (8)/1/92–93—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम, 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्न-लिखित सदस्यों को जारी किए गए प्रैक्टिस प्र माणपत्र उनके

आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं :—

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1.	1073	श्री मिट्टर रोबिन्द्रा नाथ, एफ० सी० ए०, 3ए, मुरेन्द्रा नाथ चटर्जी रो, कलकत्ता–700038 ।	1–4–92
2.	2323	श्री गुप्ता रविकर, एफ० सी० ए०, 213, राश बिहारी एवेन्यु, गुप्ता कुटीर, 2 फ्लोर, कलकत्ता–700019 ।	1–4–92

ए० के० मजुमदार,
सचिव

दिनांक 22 मई 1992

(चार्टर्ड एकाउन्टेंट)

नं० 3–ई० सी० ए० (4)/1/92–93—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम, 1988 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्-द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधि-नियम, 1949 की धारा 20 की उपधारा (1) (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम उनके आगे दी गई तिथि से हटा दिया है :—

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1.	2384	श्री राज नन्दन ठाकुर, 16, मुंशी सद्दीन लेन, कलकत्ता–700007 ।	12–3–92
2.	4952	श्री सुसान्ता सरकार, 9, बोवाली मोन्डल, कलकत्ता–700026 ।	24–6–91
3.	7114	श्री प्रालै रंजन मजुमदार, प्राइस वाटरहाउस, बी–3/1 गिलैन्डर हाउस, नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता–700001 ।	27–3–92

ए० के० मजुमदार,
सचिव

दिनांक 2 जून, 1992

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट)

नं० 3–ई० सी० ए० (8)/5/91–92—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम, 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए गये प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं है :—

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	1999	श्री सेन गुप्ता असीम कुमार, एफ० सी० ए०, फ्लेट एस० डब्ल्यु–1, बालका अपार्टमेंसट् 64, लिक रोड, कलकत्ता–700029 ।	1–5–91
2.	10357	श्री शाह दीपक शान्तिलाल, ए० सी० ए०, 3/1, आशु बिश्वास रोड, भोवानिपो, कलकत्ता–700025 ।	1–12–91
3.	44999	श्री सरकार अतिन्द्रा कुमार, ए० सी० ए०, बी०एफ–234 सैक्टर–1, विधाम नगर, एस लेक, कलकत्ता–700064 ।	20–3–92
4.	50344	श्री जमात अली, एफ० सी० ए०, जमात अली एण्ड कं०, विलेज दियाकशिन बियरा, डिस्ट० 24 परगना, अरबालिया ।	19–11–91
5.	50933	श्री कानानी विजय एम०, एफ० सी० ए०, विजय कुमारी एण्ड कं०, 4, बी बी डी बाग, ईस्ट, कलकत्ता–700001 ।	11–12–91
6.	50947	श्री मित्रा सुनिर्मल, एफ० सी० ए०, 26/1, गरियाहाट रोड, कलकत्ता–700029 ।	2–1–92
7.	51455	श्री भट्टाचार्य सोमनाथ, ए० सी० ए०, 40/4, बल्ली गंज, सर्कुलर रोड, कलकत्ता–700019 ।	30–3–92

1	2	3	4
8.	52560	श्री मेहता आनन्द चन्द्र, एफ० सी० ए०, फ्लैट नं० 8, श्याम कुंज, 12/बी लोर्ड सिन्हा रोड, कलकत्ता-700071	27-12-91
9.	54324	श्री महेटी सुभाष चन्द्रा, ए० सी० ए०, 18, एस० पी० मुखर्जी रोड, कलकत्ता-700025।	1-10-91
10.	54556	श्री सराफ रमेश कुमार, ए० सी० ए०, 539, रविन्द्रा सरानी, फ्लैट नं० 29, कलकत्ता-700003।	27-2-92
11.	54991	श्री साहू सरल कुमार, ए० सी० ए०, एट/पी ओ बम्ना नगर, उड़ीसा, कटक-753012	26-10-91
12.	55299	श्री रामाकृष्णन एस०, ए० सी० ए०, 35के, मोतीलाल नेहरू रोड, कलकत्ता-700029।	16-11-91
13	55634	श्री टिबेवाल सुशील कुमार, ए० सी० ए०, मैसर्स श्री कृष्णा आटोमोबाइल्स, जी० टी० रोड, ईस्ट, आसनसोल-713303।	1-3-92
14.	88876	श्री मनोज कुमार भगत, ए० सी० ए०, वाटिका, पी० ओ० मंगलबाड़ी, मालदा-732142।	24-1-92

ए० के० मजुमदार,
सचिव

मद्रास-600034, दिनांक 21 मई 1992

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

सं० 3-एस ०सी० ए० (5)/2/92-93—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-एस० सी० ए० (4)/8/90-91 दिनांक 1 दिसम्बर, 1990, 3-एस० सी० ए० (4)/9/91-92 दिनांक 1 जनवरी, 1992, 3-एस० सी० ए० (4)/8/87-88 दिनांक 30 दिसम्बर, 1987, 3-एस० सी० ए० (4)/10/86-87 दिनांक 27 फरवरी, 1987, 3-एस० सी० ए० (4)/11/88-89, दिनांक 27 जनवरी, 1989 और 3-एस० सी० ए० (4)/12/89-90—दिनांक 25 अक्तूबर, 1989 के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम, 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है :—

क्रम सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	11758	श्री रमेश पाई एस०, एफ० सी० ए०, देव आशीष, 6 रोड, लक्ष्मीचन्द्रा नगर, उडुपी-576102।	21-4-92
2.	12910	श्री वीराराघवन एम०, ए० सी० ए०, 59, 4 मैन, बेट 7 एण्ड 8 क्रास, मालेश्वरम, बंगलौर-560003	15-4-92
3.	14548	श्री कोल्लुरी यू० एम० एस०/ एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउटेंट, पी० ओ० बाक्स-39514, नैरोबी, कीन्या।	6-4-92
4.	19925	श्री शंकरन आर०, ए० सी० ए०, फ्लैट नं० सी 6, पावर अपार्टमेंट्स, 25, जाकरिया कालोनी, मैन रोड, मद्रास-600094।	8-4-92
5.	22078	श्री मुरलीधरन एस०, ए०सी० ए०, फाइनेन्स मैनेजर, ए एण्ड एम० पावर सौरसिस एस डी एन, बी एच डी 17/ई कीसेंट कोर्ट ब्रुकफील्ड्स कुआलालामपुर, मलेशिया।	16-4-92
6.	23647	श्री ईश्वर आर० वी०, ए० सी० ए०, फ्लैट 1, ग्राउन्ड फ्लोर, टाइप 6, सी० जी० क्वार्टर्स, निजाम पैलेस, 234/4, ए० जी० सी० बोष रोड, कलकत्ता-700 020।	21-4-92
7.	24339	श्री कुरियन, टी० के०, ए० सी० ए०, ठेक्केठालाकल पुथिननगाडी, कोट्टायाम-686 001।	28-4-92

1	2	3	4
8.	24573	श्री जोय जोसेफ, ए०सी०ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, 1113, सैटेलाइट एव कालोनी, पात्रामुगल, कक्कानाड पी० ओ०, कोचीन-682 030 ।	7-4-92
9.	27134	श्री श्रीकान्थ पी० एस०, ए० सी० ए० 79, कामराज, एवेन्यू, अड्यार, मद्रास-600 020 ।	28-4-92
10.	28790	मिस गोमथी एस०, ए० सी० ए० एकाउन्टैन्ट बेनहम कैपिटल, एम एन जी टी ग्रुप, 1665, चार्लसटन रोड, माउन्टैन व्यू, सीए 94043, यू० एस० ए० ।	21-4-92
11.	29761	श्री रमेश बाबू वाई०, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, नं० 23, मिलर्स रोड, किलपोक, मद्रास-600 010	2-4-92

ए० के० मजुमदार,
सचिव

कानपुर-208001, दिनांक 31 मार्च 1992

(चार्टर्ड एकौउन्टेंट)

सं० 3-सी०सी०ए०(5)(9)/91-92—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3 एन० सी० ए०(4)(9)/83-84 दिनांक 31-3-84, 3 सी०ए० (4)(1)/85/86 दिनांक 31-3-86, 3-सी०सी०ए० (4)(6)/91-92 दिनांक 26-12-91, 3-सी०सी० ए० (4)(7)/90-91 दिनांक 30-11-90, 3 सी० सी०ए० (9)(3)/89-90 दिनांक 9-11-89, 3 सी० सी० ए०, (4)(2)/87-88. दिनांक 8-6-87, 3 सी०सी०ए० (4)(8)/91-92, दिनांक 28-1-92, 4 सी० ए०(1)(20)/77-78, दिनांक 18-2-78 के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसर में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्न-लिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गयी तिथियों से स्थापित कर दिया है :—

क्रम संख्या	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	005917	मि० के० रामामोहन राव, ए० सी० ए०, डी-1/9, एके टाउन, टेलको कालोनी, जमशेदपुर ।	28-10-91
2.	013654	मि० रामा कान्त नागपाल, ए० सी० ए०, ई-4/49, अरेरा कालोनी, भोपाल-462016 ।	30-1-92
3.	014475	मि० लक्ष्मी नरायन निगम, एफ० सी० ए०, 17/14, दि माल, नियर फूल बाग क्रासिंग, कानपुर-1	16-1-92
4.	017978	मि० कुन्ज बिहारी केयाल एफ० सी० ए०, के०ए०-2, मीना भवन, काठमाण्डु नेपाल ।	14-9-91
5.	070863	मि० उम्मेद मल जैन, एफ० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट मैसर्स उम्मेद जैन एण्ड कम्पनी भारत भवन, मोती डोगरी रोड, जयपुर-302 004 ।	9-12-91
6.	071113	मि० सुरेन्द्र कुमार तलवार, ए० सी० ए०, 38/6, राइट गंज, गाजियाबाद-201 001	16-12-91
7.	071292	मि० युवराज कुमार मेहरा, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, मैसर्स वाई० के० मेहता एण्ड कम्पनी, 21, फेन्डस कालोनी, स्वरूप नगर, कानपुर ।	9-12-91

1	2	3	4
8.	071531	मि० जगमोहन गुप्ता, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, उम्मेद जैन एण्ड कम्पनी, भारत भवन, मोती डोंगरी रोड, जयपुर।	9-12-91
9.	071577	मि० धर्मेन्द्र कुमार, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, 12-ए, मानसरोवर मेरठ-248001।	9-12-91
10.	072029	मि० अनिल कुमार गुप्ता, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, मैसर्स अभिनय अनिल एण्ड एसोसिएट, 75/6, हालसी रोड, कानपुर-208001।	9-12-91
11.	072764	मि० शिम्भू दयाल सर्राफ, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, मैसर्स, एस० डी० सर्राफ एण्ड कंपनी, ओवर शाप नं० 216, 217, किसानपोली, बाजार, जयपुर।	9-12-91
12.	073058	मि० सुमित नीलकानदान कुमार, ए० सी० ए०, केयर आफ मि० डी० टंगरी, 13, कम्मोडोर सरकिल, बालदबिनशिबली, न्यूयार्क 13027, यू०एस०ए०।	9-12-91
13.	073293	मि० भूपेन्द्र कुमार, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, 407, सिविल लाइन्स, देवगढ़ रोड, ललितपुर।	9-12-91
14.	073705	मि० अनिल कुमार मेहतो, ए० सी० ए०, 46, सी० पी० डब्ल्यू० डी० कालोनी, नियर रिकटिया भैरोजी चौराहा, जोधपुर।	9-12-91
15.	073906	मि० आनन्द कुमार बाजपेई, ए० सी० ए०, 2ए/361, आजाद नगर, कानपुर।	9-12-91
16.	074464	मि० मनोज कुमार जिन्दल, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, भागता डी दुकान, एम० जी० रोड, रायपुर।	9-12-91
17.	082477	मि० अशोक कुमार, ए० सी० ए०, डि० डायरेक्टर (एफ० एण्ड ए०), ओ० एन० जासी तेल भवन, देहरादून-248003।	21-2-92
18.	083841	मि० राधेश्याम मंगल, एफ० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, केयर आफ : आर० के० धमानी एण्ड कंपनी, 1314, तहसीलदार भवन, फस्ट फ्लोर, बाबा एच० सी० मार्ग, चांदपोले बाजार, जयपुर-307026।	9-12-91
19.	084588	मि० राकेश कुमार, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट, 8, अलकापुरी, अलवर-301001।	9-12-91
20.	086652	मि० पंकज कुमार सिन्हा, ए० सी० ए०, आर/एफ 253, लोहिया नगर, पटना-800 020।	11-12-91
21.	089294	मि० अविश कुमार जैन, ए० सी० ए०, 258 डी, आदर्श नगर, कानपुर-208010।	9-12-91

ए० के० मजुमदार,
सचिव

कानपुर, दिनांक 24 मई, 1992

सं० 3 सी० सी० ए० (8)(1)/92-93—रेगुलेशन 10 (1) की धारा (4) जिसे चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स रेगुलेशन 1988 के अधिनियम 10(2) (बी०) के साथ पढ़ा जाए, के अनुसार एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों का कार्य करने का प्रमाण पत्र उनके आगे दी गयी तिथि से रद्द समझा जायेगा। क्योंकि उन्होंने कार्य प्रमाण पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं किया था :

क्रम सं०	सदस्यता संख्या	नाम व पता	दिनांक
1.	17350	महेशचन्द्र महेश्वरी, एफ० सी० ए०, वाइस प्रेसीडेन्ट (कामर्स एवं फाइनेन्स), गरसिम इन्डस्ट्रीज लि०, (टैक्सटाइल डिवीजन), बिरला नगर, ग्वालियर-474004	9-12-91

ए० के० मजूमदार,
सचिव

सं० 3सी०सी०ए०(8)(2)/92-93—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम सन् 1988 के विनियम 10(1) खण्ड-3 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये गये प्रैक्टिस प्रमाण पत्र उनके आगे दी गयी तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं, क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं है :—

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम व पता	दिनांक
1.	039365	मि० पंकज कुमभाट, ए० सी० ए०, रियान इन्वेस्टमेन्ट एन्ड ट्रेड ईस्ट, परफियूम डिवीजन, पो० बाक्स नं० 879, मस्कट (सल्तनत आफ ओमेन),	15-3-92
2.	070089	मि० आलोक अग्रवाल, एफ० सी० सी०, रजनीगन्धा एपार्टमेन्टस, सेकेण्ड फ्लोर 3 गोखले मार्ग, लखनऊ-226001	23-3-92
3.	073464	मि० अलोक मिश्रा, ए० सी० ए०, 33-ए, कृष्णा नगर, कानपुर रोड, लखनऊ-226005	1-4-92
4.	074240	मि० दीपक मेहता, ए०सी०ए०, दीपक मेहता एण्ड कंपनी, 16, बिहाइन्ड खादी भंडार, रटान्डा, जोधपुर-342001	1-4-92
5.	74251	मि० धनराज चौहान, ए० सी०ए०, ग्यारहवीं, बी-2, रोड पोयटा, जोधपुर-342006	5-4-92

ए० के० मजूमदार,
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून, 1992

सख्या : यू-16/53/90-चि०-2(महाराष्ट्र) — कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 की हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या : 1024 (जी) दिनांक 23-5-1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर, मैं इसके द्वारा निम्नलिखित डाक्टरों को महाराष्ट्र क्षेत्र [क्षेत्रों का आबंटन उप-चिकित्सा आयुक्त (पश्चिमी जोन) द्वारा किया जाएगा] के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए उनके निम्नलिखित अवधि या किसी पूर्णकालिक चिकित्सा निदेशों के कार्यभार ग्रहण करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, मौजूदा मानकों के अनुसार मासिक पारिश्रमिक की अदायगी पर चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करता हूं।

क्रम सं०	नाम	स्थान	अवधि
1.	डा० (श्रीमती) कमला गुप्ता,	पूर्ण	एक वर्ष के लिए 1-6-92 से 31-5-93 तक
2.	डा० (श्रीमती) एस० कर्मसारे,	दादर केन्द्र	एक वर्ष के लिए 27-6-92 से 26-6-93 तक

डा० (श्रीमती) ए० ए० अम्बेकर,
चिकित्सा आयुक्त

संख्या : यू-16/53/1/90--चि० 2(महाराष्ट्र) संग्रह-1-कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024(जी) दिनांक 23-5-83 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर, मैं इनके द्वारा निम्नलिखित डाक्टरों को बम्बई क्षेत्र [क्षेत्रों का आबंटन उप-चिकित्सा आयुक्त (पश्चिमी जोन) द्वारा किया जाएगा] के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए उनके निम्नलिखित अवधि या किसी पूर्णकालिक चिकित्सा निदेशी के कार्यभार ग्रहण करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, मौजूदा मानकों के अनुसार मासिक पारिश्रमिक की अदायगी पर चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूं।

1. डा० जोशी प्रदीप रंगनाथ	एक वर्ष की अवधि के लिए कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से ।
2. डा० (श्रीमती) कमला भटनागर	—वही—

डा० (श्रीमती) ए० ए० अम्बेकर
चिकित्सा आयुक्त

संख्या : यू-16/(53)/88--चि० 2 (गुजरात)--कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या: 1024 (जी) दिनांक 23-5-1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर इसके द्वारा डा० आर० टी० मारफतिया को मानकों के अनुसार देय मासिक पारिश्रमिक पर 1-7-92 से एक वर्ष के लिए या पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक जो भी पूर्व हो, को उप चिकित्सा आयुक्त (उत्तर-पश्चिम जोन) द्वारा निर्धारित अहमदाबाद के क्षेत्रों के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूं ।

डा० (श्रीमती) ए० ए० अम्बेकर,
चिकित्सा आयुक्त

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

नई दिल्ली, दिनांक 15 जून, 1992

सं० 5/92--भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 43 (1) के अनुसार यथोअपेक्षित निगम के निदेशक बोर्ड तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अनुमोदन से "औद्योगिक वित्त निगम के अधिकारियों (कर्मचारियों) द्वारा सेवा-निवृत्ति पश्चात निजी क्षेत्र की संस्थाओं में रोजगार-स्वीकृति विनियम, 1978" के विनियम 5 को संशोधित किया है । संशोधित विनियम इस प्रकार है :—

"निगम की सेवा से सेवा-निवृत्त सभी अधिकारियों के वाणिज्यिक रोजगार का विनियम निम्नानुसार गठित एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा किया जाएगा :—

1. कार्यपालक निदेशक (अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाएगा)
2. महाप्रबन्धक (प्रशासन एवं कार्मिक)
3. विधि सलाहकार / विधि विभाग का प्रभारी"

2. संशोधित विनियम, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू हो जाएगा ।

के०के० वार्ष्णेय,
महाप्रबन्धक (प्रशा एवं कार्मिक)

श्रम मंत्रालय

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 24 जून 1992

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/2022--जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2 (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मन्त्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गई है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची- II में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया गया है ।

अनुसूची-1

क्रम संख्या	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	स्थापना को छूट बढ़ाने के लिए भारत सरकार के अधिसूचना की संख्या तथा तिथि	पहले से प्रदान की गई छूट की समाप्ति की तिथि	अवधि जिसके लिए और छूट दी गई है	के. भ. नि. अ. फा० सं०
1	2	3	4	5	6	7
1.	मै० रामाकृष्ण केमिकल्ज लि०, 1/22ए, रेलवे स्टेशन रोड, गांधीनगर, कुडप्पा-516064 (ए० पी०)	ए० पी० /6376	एस35014/170/82/ पी० एफ०-11(एस.एजस.-II) दिनांक 27-5-86	26-5-89	27-5-89 से 26-5-92	2/1453/86 डी० एल०.आई०
2.	मै० वेलजस हाडरेयाड लि० 9-ए, आई० डी०ए० फेज-I, पटनचेरू-502319 मेडक जिला (ए०पी०)	एपी/13131	2/1959/डी०एल०आई०/ एक्जाम/89 भाग-1/5436, दिनांक 24-9-90	28-2-90	1-3-90 से 28-2-93	2/3026/90 डी० एल० आई०
3.	मै० आई० डी० सी० इलैक्ट्रोनिक्स लि० प्लाट नं० 40-46, भाग-ए, आई०डी०ए० चेरापाली डाकखाना, हिन्दुस्तान केबल लि० हैदराबाद-500051	एपी/18161	2/1959/डी०एल०आई०/89 भाग-1, दिनांक 27-3-90	31-12-91	1-1-91 31-12-93	2/2410/90 डी० एल० आई०

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करे।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी, जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हों जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय हैं।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर बराबर राशि का संदाय करेगा।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के

हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

बी. एन. सोम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं. 2/1959/बी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/2030—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची-2 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, बी. एन. सोम प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने (अनुसूची-1) में उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त आन्ध्र प्रदेश ने स्कीम की धारा 28(7) के अंतर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम से संचालन की छूट देता हूं।

अनुसूची 1

क्र० सं०	स्थापना का नाम व पता	कोड सं०	छूट की प्रभावी तिथि	के० भ०नि० आ०
1.	मै० सैन्ट्रल बाईन्स 3-6-364 एम० जी० रोड, हैदराबाद	ए० पी० /3338	1-3-90 से 28-2-93	2/4206/92 डी०एल० आई०
2.	मै० ए० पी० आई० ग्लास डिवीजन आफ हिन्दुस्तान बेनीटरी वारा एंड इन्डस्ट्रीयल लि० पी० बी० 1930, बरादानगर, हैदराबाद-500018	ए० पी०/4133	1-12-87 से 30-11-90	1/4207/92 डी० एल० आई०
3.	मै० चंदामामा प्रेस (हैदराबाद) प्रा० लि०, नं० 11, 12, 13 नयाराम आई० डी० ए० हैदराबाद-501507 (साथ में इसकी सभी शाखाएँ जो इस बोर्ड नं० स्थित है)	ए०पी० /16930	1-11-89 से 31-10-92	2/4204/92 डी० ए० आई०
4.	मै० मंगलचंद एलोज एंड ऐफीनरीज रोड, नं० 4 रोड, नं० 9 आर० डी० ए० नयाराम, हैदराबाद-501507 (साथ में सभी शाखाएं जो इस कोड नं० में स्थित हैं)	ए०पी०/16967	1-12-88 से 30-11-91	2/4205/92 डी० एल० आई०
5.	मै० करनाल जिला कोप मार्केटिंग सोसाइटी लि०, करनाल-पी० बी० नं० 518, (साथ सभी शाखाएं जो इस कोड नं० में स्थित हैं)	ए० पी०/17071	1-4-88 से 31-3-91	2/4203/92- डी० एल० आई०

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभार का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खंड-क के अधीन समय-समय पर निदेश करे।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिन्हें स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले किसी रीति से कम हो जाते है तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख को भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जाम/89/भाग-1/2038—जहां मैसर्स बाला जी फूड्स एण्ड फीड्स (प्रा.) लिमिटेड, वेंकटेश्वारा हाउस, मकान नं. 3-5-808 एंड 808/1, हैदरगुडा, हैदराबाद (ए. पी./7051) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अन्तर्गत छूट विस्तार के लिए आवेदन किया है) जिसके इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जो कि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मंत्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना सं. 2/1959/डी.एल.आई./एक्जम/89/भाग-1 दिनांक 19-12-89 के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं, दिनांक 1-3-92 से 28-2-95 तक लागू होगा जिसमें यह तिथि 28-2-95 भी शामिल है ।

अनुसूची- I

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण, निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहु-संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध लाभों से अधिक अनुकूल हो जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधि वारिसों को बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

बी. एन. सोम
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

एअर इण्डिया

बम्बई, दिनांक 23 जून 1992

एअर इंडिया कर्मचारी भविष्य निधि विनियम 1954

मुख्या/66-1/—वायु निगम अधिनियम, 1953 (1953 का 27) की धारा 45 (2) (ख) एवं 3 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एअर इंडिया ने केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से, इसके द्वारा एअर इंडिया कर्मचारी भविष्य निधि विनियम, 1954 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाए हैं, जो इस प्रकार हैं :—

1. (1) इन विनियमों को एअर इंडिया कर्मचारी भविष्य निधि (संशोधित) विनियम, 1992 कहा जा सकता है ।

(2) ये विनियम 1-6-1989 से लागू होंगे ।

(3) एअर इंडिया कर्मचारी भविष्य निधि विनियम, 1954 में विनियम 14 (1) एवं (2) के लिए निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा :

प्रत्येक सदस्य निधि में प्रति माह उसके द्वारा उस माह के लिए अर्जित वेतन के दस प्रतिशत की दर से अभिदान करेगा और वह राशि कार्पोरेशन द्वारा सदस्य के मासिक वेतन में से वसूल कर ली जाएगी। कोई भी सदस्य समय-समय पर अपने अभिदान माह के लिए अर्जित वेतन के 20 प्रतिशत तक की किसी भी दर तक बढ़ा सकता है, परन्तु उस नई दर की सूचना बोर्ड के सचिव को उन तारीखों तक दे दी जानी चाहिए, जो बोर्ड का अध्यक्ष समय-समय पर निश्चित करे।"

2. कार्पोरेशन हर माह निधि में प्रत्येक कर्मचारी द्वारा अंशदान की गई राशि के बराबर किन्तु किसी भी स्थिति में उस माह के दौरान किसी कर्मचारी द्वारा अर्जित वेतन के दस प्रतिशत से ज्यादा न होने वाली राशि का अंशदान निधि में नियोजक के अंशदान के रूप में करेगा।

जे० आर० जगताप
सचिव

भारतीय भेषजी परिषद्

शिक्षा विनियम—1991

(फार्मेसी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए)

(फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 10 के अधीन बनाए गए विनियम)

(भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पत्रांक वी० 13016/1/89-पी० एम० एस० दिनांक 2 अगस्त, 1991 द्वारा अनुमोदित एवं भारतीय भेषजी परिषद् द्वारा प्रकाशित)

नं० 14-55/87-पी० सी० आई०

फार्मेसी अधिनियम, 1948 (1948 का 8) की धारा 10 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय फार्मेसी परिषद् एतद्द्वारा केन्द्रीय सरकार की स्वीकृति से निम्नलिखित विनियम बनाती है अर्थात् :—

अध्याय-I

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ : (1) इन विनियमों का नाम शिक्षा विनियम, 1991 है।

(2) वे राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. फार्मेसिस्टों के लिए अर्हता : फार्मेसिस्ट के रूप में पंजीकरण कराने के लिए अपेक्षित न्यूनतम अर्हता फार्मेसी (भाग-I और भाग-II) में डिप्लोमा पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करना तथा फार्मेसी (भाग-III) में डिप्लोमा पाठ्यक्रम को संतोषजनक ढंग से पूरा करना होगा।

अथवा

भारतीय फार्मेसी परिषद् द्वारा अनुमोदित कोई अन्य अर्हता जो उपर्युक्त अर्हता के समतुल्य हो।

3. फार्मेसी भाग-I और भाग-II में डिप्लोमा का अर्थ इन विनियमों के अध्याय-II में निर्धारित पाठ्यक्रमों को उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र होगा।

4. फार्मेसी भाग-III में डिप्लोमा का अर्थ इन विनियमों के अध्याय-III में निर्धारित किए गए अनुसार व्यावहारिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को संतोषजनक ढंग से पूरा करने का प्रमाण पत्र होगा।

अध्याय-II

5. फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग-I और भाग-II) :

डिप्लोमा फार्मेसी भाग-I पाठ्यक्रम के लिए दाखिले हेतु न्यूनतम अर्हता :—भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान विषयों के साथ निम्नलिखित किसी एक परीक्षा में उत्तीर्ण जिसमें उपयुक्त विषयों के कुल मिलाकर अंक 60 प्रतिशत हों :—

(1) विज्ञान में इंटरमीडिएट परीक्षा,

(2) विज्ञान में 3 वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम का प्रथम वर्ष,

(3) विज्ञान में 10+2 परीक्षा (एकेडेमिक स्ट्रीप)

(4) डिग्री पूर्व परीक्षा, अथवा

(5) कोई अन्य अर्हता, जो उपर्युक्त परीक्षाओं के समतुल्य हो और जो भारतीय फार्मेसी परिषद् द्वारा अनुमोदित हो।

6. पाठ्यक्रम की अवधि : इस पाठ्यक्रम की अवधि 2 शैक्षिक वर्ष होगी, प्रत्येक शैक्षिक वर्ष कम से कम एक सौ अस्सी कार्य दिवसों का होगा तथा इसके अतिरिक्त 500 घंटें का व्यावहारिक प्रशिक्षण होगा जो कम से कम तीन महीने तक चलेगा।

7. पाठ्यचर्या : फार्मेसी भाग-I में डिप्लोमा और फार्मेसी भाग-II में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यचर्या में नीचे सारणी-I, और II में दिए गए विषय होंगें। सैद्धान्तिक और व्यावहारिक पक्ष के शिक्षण के लिए प्रत्येक विषय पर लगाए गए घंटें नीचे सारणी के स्तम्भ 2 और 3 में उक्त विषयों के सामने निर्दिष्ट घंटों से कम नहीं होंगें :—

सारणी-I

फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग-I)

विषय	सिद्धांत पक्ष के लिए घंटे	व्यावहारिक पक्ष के लिए घंटे
औषध-निर्माण विज्ञान-I .	75	100
भैषजिक रसायन-I . .	75	75
भेषज अभिज्ञान . .	75	75
जीव रसायन तथा नैदानिक विकृति विज्ञान . .	50	75
मानव शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञान . .	75	50
स्वास्थ्य शिक्षा और सामुदायिक फार्मेसी .	50	—
	400	375-775

सारणी-II

फार्मेसी (भाग II) में डिप्लोमा

विषय	सिद्धांत (थ्योरी) के घंटों की संख्या	प्रयोग (प्रैक्टिकल) के घंटों की संख्या
औषध निर्माण विज्ञान-II .	75	100
भेषजिक रसायन-II . .	100	75
भेषज गुण विज्ञान और विष विज्ञान . .	75	50
व्यवहार भैषजिकी . .	50	—
औषध भण्डारण तथा व्यापार व्यवस्था . .	75	—
अस्पताल तथा क्लिनिक फार्मेसी (भेषजी) . .	75	50
	450	275 =725

8. उक्त सारणी में अध्ययन के प्रत्येक विषय के लिए पाठ्य चर्चा वही होगी जो परिशिष्ट "क" में इन विनियमों के लिए विनिर्दिष्ट है ।

9. अध्ययन के पाठ्यक्रम को चलाने वाले प्राधिकरण का अनुमोदन :

विनियम 7 के अन्तर्गत निर्धारित नियमित शैक्षिक अध्ययन का पाठ्यक्रम भारतीय फार्मेसी परिषद द्वारा फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 2 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत अनुमोदित किसी संस्था में चलाया जाएगा बशर्ते कि भारतीय फार्मेसी परिषद् इस विनियम के अंतर्गत किसी संस्था को तब तक अनुमोदित नहीं करेगी जब तक कि वहां भवन, स्थान, उपस्कर तथा अध्यापन स्टाफ से संबंधित व्यवस्था न कर ले जैसा कि विनियमों के परिशिष्ट 'ख' में विनिर्दिष्ट है ।

10. परीक्षाएं : फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग-1) के लिए प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के छात्रों की परीक्षा लेने के लिए एक परीक्षा तथा फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग-II) के लिए छात्रों की परीक्षा लेने के लिए एक परीक्षा आयोजित की जायेगी । प्रत्येक परीक्षा हर वर्ष दो बार आयोजित की जा सकती है प्रथम वर्ष में प्रथम परीक्षा वार्षिक परीक्षा होगी तथा द्वितीय परीक्षा फार्मेसी (भाग-I) में डिप्लोमा अथवा फार्मेसी (भाग-II) में डिप्लोमा, जैसा भी मामला हो के लिए पूरक परीक्षा होगी। परीक्षाएं लिखित अथवा व्यावहारिक (मौखिक परीक्षा सहित) किस्म की होंगी जिसमें विषय के प्रत्येक भाग के लिए अधिकतम कितने अंक होंगे यह नीचे सारणी- तथा IV में निर्दिष्ट है :—

सारणी III

फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग-1) परीक्षा

विषय	सैद्धान्तिक परीक्षा के लिए अधिकतम अंक			व्यावहारिक परीक्षा के लिए अधिकतम अंक		
	परीक्षा	*सत्र परीक्षा	कुल	परीक्षा	सत्र. परीक्षा	कुल
औषध-निर्माण विज्ञान-II . . .	80	20	100	70	30	100
भेषजिक रसायन-II . . .	80	20	100	70	30	100
भेषज अभिज्ञान . . .	80	20	100	70	30	100
जीव रसायन तथा नैदानिक विकृति विज्ञान .	80	20	100	70	30	100
मानव शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञान .	80	20	100	70	30	100
स्वास्थ्य शिक्षा और सामुदायिक फार्मेसी .	80	20	100	—	—	—
कुल .			600			500 =1,100

*आन्तरिक मूल्यांकन

सारणी—IV

फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग-II) परीक्षा

विषय	सैद्धान्तिक परीक्षा के लिए अधिकतम अंक			व्यावहारिक परीक्षा के लिए अधिकतम अंक		
	परीक्षा	*सत्र-परीक्षा	कुल	परीक्षा	सत्र-परीक्षा	कुल
औषध-निर्माण विज्ञान-II	80	20	100	70	30	100
भैषाजिक रसायन-II	80	20	100	70	30	100
भेषज गुण विज्ञान और विष विज्ञान	80	20	100	70	30	100
व्यवहार भेषजिकी	80	20	100	—	—	—
औषध भण्डारण तथा व्यापार व्यवस्था	80	20	100	—	—	—
अस्पताल तथा क्लिनिक फार्मेसी (भेषजी)	80	20	100	70	30	100
कुल			600			400
					—	1,000

*आन्तरिक मूल्यांकन ।

11. फार्मेसी में डिप्लोमा भाग-I परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता :

फार्मेसी (भाग-I) डिप्लोमा परीक्षा में बैठने के पात्र केवल वे ही छात्र होंगे जो उस शैक्षिक संस्था के प्रमुख से, जिसमें उसने फार्मेसी में डिप्लोमा भाग-I के पाठ्यक्रम में भाग लिया है, यह प्रमाणित करने के लिए प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हैं कि उन्होंने प्रत्येक विषय में प्रत्येक पृथक् रूप से आयोजित की गई सिद्धांत और प्रयोगिक दोनों कक्षाओं में कम से कम 75% में उपस्थित रह कर नियमित और संतोषजनक ढंग से पाठ्यक्रम में भाग लिया है ।

12. फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग–II) परीक्षा में जाने के लिए पात्रता :

फार्मेसी (भाग–II) परीक्षा में बैठने के पात्र केवल वे ही उम्मीदवार होंगे, जो शैक्षिक संस्था के प्रमुख से, जिसमें उसने फार्मेसी में डिप्लोमा भाग-II के पाठ्यक्रम में भाग लिया है, यह प्रमाणित करने के लिए प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करते हैं कि उन्होंने प्रत्येक विषय में पृथक–पृथक रूप से आयोजित की गई सिद्धांत और प्रयोगिक कक्षाओं में कम से कम 75% में उपस्थित रह कर नियमित और संतोष प्रद ढंग से पाठ्यक्रम में भाग लिया ।

13. परीक्षा का ढंग :

(1) सारणी—III और IV में उल्लिखित विषय में सिद्धांत और प्रयोगिक प्रत्येक परीक्षा की अवधि तीन घंटे होगी ।

(2) वह उम्मीदवार जो किसी विषय की सिद्धान्त अथवा प्रयोगिक परीक्षा में फेल हो जाता है, उसे उस विषय की सिद्धान्त और प्रयोगिक दोनों ही परीक्षाओं में दुबारा बैठना होगा ।

(3) प्रयोगिक परीक्षा में मौखिक परीक्षा भी शामिल होगी ।

14. सत्रीय अंक देना और अभिलेखों का रख-रखाव :

फार्मेसी में डिप्लोमा भाग–I और फार्मेसी में डिप्लोमा भाग–II पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण देने वाली संस्था में प्रत्येक छात्र के सिद्धांत और प्रयोगिक दोनों में किए गए कक्षा कार्य तथा आयोजित परीक्षाओं का एक नियमित रिकार्ड रखा जाएगा और सत्रीय (सेशनल) मूल्यांकन के रूप में प्रत्येक सिद्धांत विषय के लिए 20 अंक और प्रयोगिक विषय के लिए 30 अंक दिए जाएंगे ।

(2) प्रत्येक शैक्षिक वर्ग के दौरान कम से कम दो आवधिक सत्रीय परीक्षाएं होंगी । सत्रीय मूल्यांकन के अंकों की गणना किन्हीं भी दो परीक्षाओं में प्राप्त किए गए उच्चतम पूर्ण योग–के आधार पर की जाएगी ।

(3) प्रायोगिक विषयों में सत्रीय (सेशनल) मूल्यांकन के अंक निम्नलिखित आधार पर दिए जाएंगे ।

सत्रीय परीक्षाओं में वास्तविक	15
प्रायोगिक कक्षा कार्य का दिन प्रतिदिन का मूल्यांकन	15

15 परीक्षा पास करने के लिए न्यूनतम अंक :

किसी भी छात्र को फार्मेसी में डिप्लोमा परीक्षा में तब तक उत्तीर्ण घोषित नहीं किया जाएगा, जब तक वह सिद्धान्त परीक्षाओं में, जिसमें सत्रीय मूल्यांकन के अंक भी शामिल हैं, पृथक–पृथक रूप से प्रत्येक विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त न कर ले और प्रत्येक प्रयोगिक परीक्षा में, जिसमें सत्रीय मूल्यांकन के अंक भी शामिल हैं, कम से कम

50% अंक प्राप्त न कर ले। फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग–I) अथवा फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग–II) की परीक्षाओं में पहले प्रयास में ही सभी विषयों में पूर्ण योग में 60% अंक अथवा उससे ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग–I) अथवा फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग–II) की परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में, जैसी भी स्थिति हो, उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा। किसी भी विषय अथवा विषयों में 75% अंक अथवा उससे ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को उस विषय अथवा उन विषयों में विशेष योग्यता (डिस्टिंक्शन) के साथ उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा बशर्ते कि वे सभी विषयों में पहले ही प्रायास मे उत्तीर्ण हुए हों।

16. फार्मेसी में डिप्लोमा भाग–II में पदोन्नति की पात्रता :

वे सभी उम्मीदवार, जो सभी विषयों की परीक्षा में बैठे हैं और फार्मेसी में डिप्लोमा भाग–I परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं, फार्मेसी में डिप्लोमा भाग–II की कक्षा में प्रवेश पाने के पात्र हैं। तथापि दो से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण छात्र फार्मेसी में डिप्लोमा भाग–II कक्षा में जाने से वंचित रहेगा।

17. सत्रीय परीक्षा के प्राप्तांकों में सुधार :

सत्रीय परीक्षा में प्राप्त अंकों में सुधार करने के इच्छुक उम्मीदवार अगले शैक्षिक वर्ष के दौरान दी अतिरिक्त सत्रीय परीक्षाओं में उपस्थित होकर ऐसा कर सकते हैं। सिद्धांत (थ्यूरी) में संशोधन सत्रीय अंक इन दोनों परीक्षाओं में प्राप्तांकों के औसत पर आधारित होंगे। प्रयोगिक (प्रैक्टिकल) सत्रीय परीक्षा के अंकों में सुधार करने हेतु अतिरिक्त प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित होना होगा। प्रायोगिक कक्षा में दिन प्रतिदिन के मूल्यांकन के लिए छात्रों अंको दिए गए कों में तब तक सुधार नहीं किया जा सकेगा जब तक वह दोबारा नियमित तौर पर अध्ययन पाठ्यक्रम पूरा नही करता।

18. परीक्षा की मंजूरी :

विनियम 10 से 13 और 15 में उल्लिखित परीक्षाएं बाद में राज्य के परीक्षा प्राधिकारी के रूप में बताए गए परीक्षा प्राधिकारी द्वारा आयोजित की जाएगी, जिसका अनुमोदन फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 12 की उपधारा (2) के अंतर्गत भारतीय फार्मेसी परिषद् द्वारा किया जाएगा। ऐसा अनुमोदन केवल तभी किया जाएगा, यदि संबंधित परीक्षण प्राधिकारी इन अधिनियमों के परिशिष्ट-ग में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करता है।

19. फार्मेसी में डिप्लोमा, भाग–II की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने का प्रमाण–पत्र :

फार्मेसी में डिप्लोमा भाग–II की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने का प्रमाण-पत्र परीक्षा प्राधिकारी द्वारा उत्तीर्ण छात्र को प्रदान किया जाएगा।

अध्याय—III

फार्मेसी में डिप्लोमा (भाग–III)

(प्रयोगिक प्रशिक्षण)

20. प्रायोगिक प्रशिक्षण की अवधि और अन्य शर्तें :—

1. किसी बोर्ड/विश्वविद्यालय का अन्य मान्यता प्राप्त परीक्षा निकाय द्वारा आयोजित फार्मेसी में डिप्लोमा भाग–II परीक्षा अथवा भारतीय फार्मेसी परिषद् द्वारा समान रूप से मान्य किसी अन्य कोर्स को पूरा करने के पश्चात कोई उम्मीदवार निम्नलिखित में से एक या अधिक संस्थाओं में प्रयोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का पात्र होगा :—

(I) केन्द्रीय/राज्य सरकारों/नगर निगमों/केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना और कर्मचारी राज्य बीमा योजना द्वारा चलाये जा रहे अस्पताल/औषधालय।

(II) औषध और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (1940 का 23) के अंतर्गत बनाए गए औषध और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के अधीन लाइसेंस धारी फार्मेसी, केमिस्ट एवं औषध विक्रेता।

(III) औषध और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके अंतर्गत बने नियमों के अंतर्गत लाइसेंस धारी औषध विनिर्माण यूनिट।

2. उप-विनियम (I) में निर्दिष्ट संस्थाएं इस शर्त के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान करने की पात्र होंगी कि किसी अस्पताल, औषध और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अंतर्गत बनाए गए औषध और प्रसाधन नियम, 1945 के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्तकर्ता किसी फार्मेसी, केमिस्ट और औषध विक्रेता और औषध विनिर्माण यूनिट में लिए गए छात्र फार्मेसिस्टों की संख्या दो से अधिक न हो। जहां कोई एक रजिस्टर्ड फार्मेसिस्ट इस प्रकार का कार्य करता है जिसमें छात्र फार्मेसिस्ट को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जहां एक से अधिक रजिस्टर्ड फार्मेसिस्ट इसी प्रकार से कार्यरत हैं, यह संख्या इस प्रकार के प्रत्येक अतिरिक्त रजिस्टर्ड फार्मेसिस्ट के लिए एक से अधिक नहीं होगी।

3. प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय फार्मेसी परिषद द्वारा उन अस्पतालों और औषधालयों को मान्यता दी जाएगी जो उप नियम (I) निर्दिष्ट नहीं हैं यह इन विनियमों के परिशिष्ट "घ" में निर्दिष्ट शर्तों के पूरा होने पर दी जाएगी।

4. प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के दौरान प्रशिक्षार्थी को निम्नलिखित का ज्ञान कराया जाएगा :—

(1) फार्मेसी के व्यवसाय से संबंधित विभिन्न अधिनियमों द्वारा अपेक्षित रिकार्ड रखने का कार्यसाधक ज्ञान, और

(2) निम्नलिखित का प्रैक्टिकल अनुभव कराया जायेगा।

(क) सामान्य प्रयोग के फार्मेसी संबंधी उपकरणों से काम लेना,

(ख) खुराक की मात्रा की जांच सहित दवाई के नुस्खे को पढ़ना, समझना और कापी करना,

(ग) दवाई देने के अधिक सामान्य तरीकों को समझते हुए दवाई के नुस्खे तैयार करना, और

(घ) दवाइयों और औषध विनिर्मितियों का भंडार करना ।

(ङ) प्रैक्टिकल ट्रेनिंग कम से कम तीन महीने की अवधि में पांच सौ घंटों से कम की नहीं होगी बशर्ते कि कम से कम ढाई सौ घन्टे दवाई के नुस्खे बसातब में तैयार करने में लगाए जाएं ।

21. प्रशिक्षण शुरू होने से पूर्व अपनाई जाने वाली कार्यपद्धति :-

(1) शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष उक्त प्रैक्टिकल ट्रेनिंग लेने के लिए पात्र उम्मीदवारों को, उसकी अर्जी पर फार्मेसिस्ट के रूप में अर्हता प्राप्त करने के संबंध में "प्रैक्टिकल ट्रेनिंग करार फार्म" (जिसे बाद में करार फार्म कहा गया है) की तीन प्रतियां भेजेंगे । करार फार्म इन विनियमों के परिशिष्ट-ङ में यथा विनिर्दिष्ट होगा ।

(2) शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष करार फार्म के भाग-I को भरेंगे । प्रशिक्षार्थी उक्त करार फार्म के भाग-II को भरेंगे और संस्थान के अध्यक्ष (जिसे आगे एप्रेन्टिस मास्टर कहा गया है) प्रशिक्षण देने के लिए सहमत होते हुए उक्त करार फार्म के भाग-III को भरेंगे ।

(3) यह सुनिश्चित करना प्रशिक्षार्थी का उत्तरदायित्व होगा कि इस प्रकार भरी हुई प्रति (जिसे आगे करार फार्म की प्रति कहा गया है) शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष को भेज दी गई है और अन्य दो प्रतियां (जिनको आगे द्वितीय प्रति और तृतीय प्रति कहा गया है) एप्रेन्टिस मास्टर (यदि वे इच्छुक हों तो) के पास या प्रशिक्षण पूरा होने तक प्रशिक्षार्थी के पास रहेंगी ।

22. फार्मेसी (भाग-III) उत्तीर्ण करने का प्रमाण-पत्र

एप्रेन्टिस अवधि सन्तोषजनक रूप से पूरी होने पर एप्रेन्टिस मास्टर करार फार्म की द्वितीय और तृतीय प्रति के भाग- को भरेगा और इसे शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजेगा जो द्वितीय और तृतीय प्रति से प्रविष्टियां उचित रूप से प्रथम प्रति में भरेंगे और करार फार्म की तीनों प्रतियों के भाग-5 को भरेंगे और उसके बाद द्वितीय और तृतीय प्रति प्रशिक्षार्थी को सौंपेंगे ।

यदि यह सभी तरह से पूर्ण हो जाता है, तो यह फार्मेसी (भाग II) में सफलतापूर्वक पूरे किए गए पाठ्यक्रम का एक प्रमाण-पत्र माना जाएगा ।

अध्याय—IV

23. फार्मेसी में डिप्लोमा प्रमाण-पत्र :

परीक्षा प्राधिकरण द्वारा सफल उम्मीदवार को फार्मेसी डिप्लोमा के भाग-I और भाग-II को उत्तीर्ण करने और फार्मेसी डिप्लोमा (भाग-III) के लिए प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सन्तोषजनक पूरी करने के प्रमाण-पत्र पेश करने पर फार्मेसी डिप्लोमा का प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा ।

24. विविध :

विनियम 18 के अंतर्गत फार्मेसी में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पर अनुमोदन के लिए विचार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि वह इन विनियमों के अंतर्गत निर्धारित सभी शर्तों को पूरा न कर दें ।

25. निरसन और बचाव :

(1) भारतीय फार्मेसी परिषद द्वारा सं॰ 14-55/79 (भाग—I) पी॰ सी॰ आई॰/4235—4650 दिनांक 8 जुलाई, 1981 के अनुसार प्रकाशित शिक्षा विनियम 1981 (जो आगे उक्त विनियम कहे गए हैं) एतद्द्वारा निरस्त किए जाते हैं ।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी :—

(क) उक्त विनियमों के अंतर्गत की गई कोई चीज या कार्यवाई इन विनियमों के समवर्ती उपबंधों के अंतर्गत की गई चीज या कार्रवाई समझी जाएगी ।

(ख) किसी व्यक्ति का उक्त विनियमों के अंतर्गत फार्मेसी में डिप्लोमा के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश हुआ हो और जिसने इन विनियमों के लागू होने के समय परीक्षा उत्तीर्ण न की हो तो उसे उक्त विनियमों के उपबंधों के अनुसार परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी, मानों ये विनियम प्रवृत्त नहीं हुए थे । तथापि, परीक्षा प्राधिकरण किसी विशेष राज्य में तारीख निश्चित कर सकता है जिसके बाद उक्त विनियमों के अंतर्गत परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी ।

परिशिष्ट—क

पाठ्य विवरण

भेषजी डिप्लोमा (भाग—1)

1.1 औषध निर्माण विज्ञान—1

सिद्धांत — (75 घंटे)

1. विभिन्न मात्रा निर्धारण रूपों से परिचय.....उनका उदाहरणों के साथ वर्गीकरण उनके सापेक्ष अनुप्रयोग नवीन औषधि वितरण पद्धति से परिचित होना ।

2. भारतीय भेषज कोश के विशिष्ट संदर्भ में भेषजकोशों से परिचय ।

3. मापविद्या—भार और माप की प्रणालियां, एक से दूसरी प्रणाली में रूपान्तरण सहित परिकलन, प्रतिशत परिकलन तथा उत्पादों का समायोजन, परिकलनों में मिश्रण गणित रीति का प्रयोग, समपरासारी (आइसोटोनिक) विलयन ।

4. भेषजिकों का संवेष्टन (पैकेजिंग)—आधान (पात्र) की वांछित विशेषताएं आधान के प्रकार, आधान निर्माण सामग्री के रूप में कांच तथा प्लास्टिक का अध्ययन तथा उन्हें बन्द करने वाली सामग्री के रूप में रबड़—उनके गुण-दोष । एयरोसोल सम्वेष्टन से परिचय ।

5. आकार अपचयन—उद्देश्य तथा आकार अपचयन को प्रभावित करने वाले कारक, आकार अपचयन की पद्धतियां—हथौड़ा पेषणी (मिल), गोलक पेषणी, तरल ऊर्जा पेषणी तथा विघटनित्र का अध्ययन ।

6. आकार पृथकरण—छानने के जरिये आकार पृथकरण—चूर्णों (पाउडर) के लिए आधिकारक मानक । आकार पृथकरण की अवसादन पद्धतियां, साइक्लोन पृथक्कारी की रचना तथा कार्य प्रणाली ।

7. मिश्रण करना तथा समांगीकरण (होमोजिनाइजेशन)—तरल मिश्रण करना तथा चूर्ण (पाउडर) मिश्रण करना, अर्ध ठोस पदार्थों का मिश्रक करना, सिल्वरसन मिश्रकसमांगी कारक, ग्रहीय मिश्रण, विलोहक चूर्ण (पाउडर) मिश्रण, त्रिक वेलन मिल, नोदक मिश्रक, कोलायड मिल तथा हस्त समांगी कारक द्विगुण शंकु मिश्रक का अध्ययन ।

8. निर्मलीकरण तथा निस्यंदन—निस्यंदन का सिद्धांत, निस्यंदक माध्यम, निस्यंदक साधन तथा निस्यंदकों का चयन, निम्न निस्यंदक उपस्करों निस्यंदक प्रेस (दाबित्र), सिटरित निस्यंदक, निस्यंदक कैंडलस (शलाकाएं) मेटा-निस्यंदक, का अध्ययन ।

9. निष्कर्षण तथा गैलेन-औषधि वर्ग—(अ) परिस्रवण तथा आंक्लेदन तथा उनके रूपान्तरणों का अध्ययन, लगातार उष्ण निष्कर्षण-टिंक्चर तथा निष्कर्षों के योग निर्माण में अनुप्रयोग । (ब)—आयुर्वेदिक मात्रा निर्धारण रूपों से परिचय ।

10. ऊष्मा प्रक्रम—वाष्पन-परिभाषा-वाष्पन को प्रभावित करने वाले कारक वाष्पन आसवन यंत्र तथा वाष्पन पात्र का अध्ययन ।

11. आसवन—साधारण आसवन तथा प्रभा जी आसवन; वाष्प आसवन तथा निर्वात आसवन, निर्वात आसवन यंत्र का अध्ययन, शोधित जल आई०पी० तथा इन्जेक्शन के लिए जल आई०पी० का निर्माण करना। इसी कार्य हेतु प्रयोग में आने वाले आसवन यंत्र की रचना तथा कार्य-प्रणाली ।

12. शुष्कन प्रक्रमों से परिचय—ये शुष्कित्रों—तरलीकृत बैड शुष्कित्र, निर्वात शुष्कित्र तथा हिम शुष्कित्र का अध्ययन ।

13. निर्जीवाणुकरण—निर्जीवाणुकरण की संकल्पना और उसका विसंक्रमण से भेद—सूक्ष्मजीवियों का तापीय प्रतिशोध निम्न निर्जीवाणुकरण प्रक्रियों का विस्तृत अध्ययन—

(i) आर्द्र ऊष्मा सहित निर्जीवाणुकरण,
(ii) शुष्क ऊष्मा निर्जीवाणुकरण,
(iii) विकिरण द्वारा निर्जीवाणुकरण,
(iv) निर्जीवाणुकरण निस्यंदन तथा,
(v) गैसीय निर्जीवाणुकरण ।

अपूतित प्रविधियां—अस्पतालों में विशेषत: सर्जीकल ड्रेसिंग तथा अंत: शिरा तरलों के संदर्भ में निर्जीवाणुकरण प्रक्रमों का अनुप्रयोग निर्जीवाणुकरण उपस्कर के सुरक्षित तथा प्रभावी व्यवहार के लिए सावधानियां ।

14. टिकियों का संसाधन—परिभाषा : सम्पीड़ित टिकियों के विभिन्न प्रकार और उनके गुण ।

टिकियों के उत्पादन में लिए जाने वाले प्रक्रम :

टिकियों अनुद्रव्य, टिकियों में दोष, टिकियों ।

का मूल्यांकन : विभाजन तथा प्रविलयन सहित ।

भौतिक मानक : टिकिया विलेपन-शर्करा विलेपन,
फिल्म विलेपन : आंत्रविलेपन तथा

सूक्ष्म सम्पुटन (टिकिया विलेपन) का कार्य प्रारम्भिक तरीके से किया जा सकता है ।

15. कैप्सूलों का संसाधन—कठोर तथा मुलायम जिलेटिन कैप्सूल; कैप्सूलों के विभिन्न आकार, कैप्सूलों का पूरण, कैप्सूलों को संभालना तथा स्टोर करना, कैप्सूलों का विशिष्ट अनुप्रयोग ।

16. इम्यूनोलोजी संबंधी उत्पादों जैसे सीरम, वेक्सीन, टांक्साइड तथा उनके योगों का अध्ययन ।

औषध निर्माण विज्ञान

क्रियात्मक (100) घंटे

विभिन्न प्रविधियों को स्पष्ट करने वाले निम्न प्रवर्गों के योग निर्माण प्रत्येक के लिए नियत न्यूनतम संख्या :—

1. ऐरोमेटिक जल	3
2 विलयन (घोल)	4
3. स्पिरिट	2
4. टिंक्चर	4
5. निष्कर्ष	2
6. क्रीम	2
7. प्रसाधन योग	3
8. कैप्सूल	2
9. टिकिया	2
10. निर्जीवाणुकरण योग निर्माण	2
11. नेत्र योग निर्माण	2
12. अपूतित प्रविधियों से शामिल योग निर्माण	2

अनुशासित पुस्तकें (नवीनतम संस्करण)

1. रैमिंगटन भेषजिक विज्ञान,
2. अतिरिक्त भेषजकोश—मार्टिंडेल

1.2 भेषजिक रसायन—1

(सिद्धान्त 75 घन्टे)

1. निम्न मुख्य भौतिक एवं रासायनिक गुणों सहित अकार्बनिक यौगिकों, औषधीय तथा भेषजिक उपयोगों, स्टोर करने की अवस्थाओं तथा रासायनिक असंगति पर सामान्य चर्चा;

2. (क) अम्ल, क्षारक तथा उभयगेषी (वफर)—बोरिक अम्ल, हाईड्रोक्लोरिक अम्ल, शक्तिशाली ऐमोनियम

हाइड्रोक्साइड, कैलसियम हाइड्रोक्साइड, सोडियम हाइड्रोक्साइड तथा आधिकारिक उभयरोधी ।

(ख) आक्सीकारक रोधी—हाइपोफोस्फोरस अम्ल, सल्फर डाइऑक्साइड, सोडियम बाइसल्फाइट सोडियम मेटा—बाइसल्फाइट, सोडियम थायो—सल्फेट, नाइट्रोजन तथा सोडियम नाइट्रेट

(ग) जठरांत कारक —

(1) अम्लकारी कारक—तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(2) अम्लरोधी—सोडियम बाइकार्बोनेट, ऐल्युमिनियम हाइड्रोक्साइड जैल, ऐल्युमिनियम फास्फेट, कैल्सियम, कार्बोनेट, मैग्नीशियम कार्बोनेट, मैगनीशियम ट्राइसिलिकेट, मैगनीशियम, ऑक्साइड, अम्लरोधी (प्रत्यम्ल) योगों का संयोजन ।

(3) संरक्षी तथा अधिशोषक—बिस्मथ सब—कार्बोनेट तथा केओलिन ।

(4) लवण विरेचक—सोडियम पोटेशियम टारट्रेट तथा मैग्नीशियम सल्फेट ।

(घ) स्थल कारक —

(1) संरक्षी—टाल्क, जिंक ऑक्साइड, केलामीन, जिंक स्टिएरेट, टिटेनियम डाइऑक्साइड, सिलिकोन पॉलीमर्स ।

(2) प्रसूक्ष्म जीवी तथा एस्ट्रिंजेंट—हाइड्रोजन पैरोक्साइड, पोटेशियम परमागनेट, क्लोरीनीकृत चूना (लाइम), आयोडीन, आयोडीन का घोल, पोरिडोन—आयोडीन, बोरिक अम्ल, बोरेक्स, सिल्वर नाइट्रेट माइल्ड, सिल्वर प्रोटीन, मरकरी, पीत मरक्यूरिक ऑक्साइड, ऐमेनियाकृत मरकरी ।

(3) सल्फर (गंधक) और उसके यौगिक—उर्ध्वपातित गंधक, अवक्षेपित गंधक, सेलीनियम सल्फाइड ।

(4) कषाय वर्ग—एलम (फिटकरी) तथा जिंक सल्फेट ।

(ई) दंत उत्पाद—सोडियम फ्लुओराइड, स्टेनस फ्लुओराइड, कैल्सियम कार्बोनेट, सोडियम मेटाफोस्फेट, डाइकेल्सियम फास्फेट, स्ट्रामशियम क्लोराइड, जिंक क्लोराइड ।

(फ) अभिश्वसन कारक—ऑक्सीजन, कार्बन डाईआक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड ।

(ज) श्वसन उद्दीपक—ऐमोनियम कार्बोनेट ।

(झ) कफोत्सारक तथा वामक—ऐमोनियम क्लोराइड, पोटेशियम आयोडाइड, एन्टिममी पोटेशियम टारट्रेट ।

(आइ) प्रतिकारक—सोडियम नाइट्राइट ।

बृहत् अंतः तथा बाह्य कोशिकीय विद्युत्अपघट्य

(अ) प्रतिस्थापन चिकित्सा के लिए प्रयुक्त विद्युतअपघट्य—सोडियम क्लोराइड तथा उसके योग, पोटेशियम क्लोराइड तथा उसके योग ।

(ब) शरीर क्रिया संबंधी अम्ल—क्षारकसंतुलन तथा प्रयुक्त विद्युत—अपघट्य सोडियम ऐसिटेट, पोटेशियम ऐसिटेट, सोडियम बाइकार्बोनेट—इंजेक्शन, सोडियमसाइट्रेट, पोटेशियम साइट्रेट, सोडियम लैक्टेट इंजेक्शन, ऐमोनियम क्लोराइड तथा उसके इंजेक्शन ।

(स) मुख से लिए जाने वाले विद्युत—अपघट्य चूर्ण (पाउडर) तथा विलयनों (घोल) का संयोजन ।

3. लोह (आयरन), आयोडीन तथा केल्सियम फैरस सल्फेट तथा केल्सियम ग्लूकोनेट के अकार्बनिक आधिकारिक यौगिक ।

4. रेडियो भेषजिक तथा भेदक माध्यम—रेडियो—सक्रियता—एल्फा, बीटा तथा गाम्मा विकिरण, विकिरण (रेडिएशन) के जैविक प्रभाव, रेडियो—सक्रियता की माप, जी—एम काउन्टर—रेडियो आइसोटोपस—उनके प्रयोग, भंडारण तथा आधिकारिक योगों को विशिष्ट संदर्भ सहित सावधानियां रेडियो—अपारदर्शी भेदक माध्यम बेरियम सल्फेट ।

5. औषधियों तथा भेषजिकों की गुणवत्ता नियंत्रण—गुणवत्ता नियंत्रण का महत्व, महत्वपूर्ण त्रुटियां, गुणवत्ता नियंत्रण के लिए प्रयुक्त पद्धतियां, भेषजिकों में अशुद्धियों के स्रोत—आर्सेनिक (संखिया), क्लोराइड, सल्फेट, लोह (आयरन) तथा भारी धातुओं के लिए सीमा—परीक्षण ।

6. भारतीय भेषजकोश के अनुसार धनायन तथा ऋणायन के लिए पहचान परीक्षण ।

क्रियात्मक (75 घन्टे)

1. अकार्बनिक यौगिकों विशेषतः औषधियों तथा भेषजिकों के लिए पहचान परीक्षण ।

2. क्लोराइड, सल्फेट, आर्सेनिक, आयरन तथा भारी धातुओं के लिए सीमा परीक्षण ।

3. सिद्धान्त के अधीन (X) से चिह्नित अकार्बनिक भेषजिकों यौगिकों का निम्नलिखित प्रत्येक पद्धतियों को शामिल करते हुए आमापन;

(क) अम्ल—क्षारक अनुमापन (कम से कम 3)

(ख) रेडोक्स अनुमापन (परमेगनमिति तथा सरल आयोडिन—मिति के प्रत्येक के लिए एक)

(ग) अवक्षेपण अनुमापन (कम से कम 2)

(घ) कम्प्लैक्सोनमितिक अनुमापन (केल्सियम तथा मैग्नीशियम)

अनुशासित पुस्तकें (नवीनतम संस्करण)

1. भारतीय भेषजकोष—1985 ।

1.3 भेषज — अभिज्ञान

सिद्धान्त : (75 घन्टे)

1—भारतीय चिकित्सा पद्धति सहित भेषज-अभिज्ञान की परिभाषा, इति-वृत्त तथा विस्तार ।

2—प्राकृतिक उद्गम की औषधियों के वर्गीकरण की विभिन्न पद्धतियां ।

3—अपमिश्रण तथा औषधि मूल्यांकन, भेषजकोशीय मानकों की सार्थकता ।

4—एल्केलाइड्स, टर्पेनाइड्स, ग्लाइकोसाइड्स, वाष्पशील तेलों, टेनिन्स तथा रेजिन्स के भेषजिक योग तथा चिकित्सिता प्रभाव, अभिज्ञान परीक्षण, पृथक्करण की रुपरेखा, वितरण, प्राप्तियां की संक्षिप्त रूप रेखा ।

5—निम्न औषधियों की श्रेणियों की प्राप्ति, वितरण, ज्ञानेन्द्रियसग्राह्य मूल्यांकन, परीक्षण, जहां भी उपयोज्य हों, सहित रासायनिक घटक तथा; भेषिजिक क्षमता ।

(क) मृदुविरेचक, घृतकुमारी रस, खेन्दचीनी, अण्डी का तेल, इसबगोल, सनाय ।

(ख) हृद्बल्यवर्ग—डिजिटेलिस, अर्जुन ।

(ग) वातानुलोमक तथा जी० आई० (जठरांत्र) नियामक-पुष्प छत्रधर फल, धानिया, सौंफ, अजवायन, इलायची, अदरक, काली मिर्च, हींग, जायफल दालचीनी, लौंग ।

(घ) कषायवर्ग—कत्था ।

(ङ) तंत्रिका तंत्र पर कार्य करने वाली औषधियां—पारसीकयवानी, बैलाडोना, एकोनाइट, अश्वगंधा एफेड्रा, अफीम, भांग, कुचला ।

(च) अतिरक्तदाबरोधी—सर्पगंधा ।

(छ) कासरोधी—वासक, टोलू बालसम, तुलसी ।

(ज) रुमेटिज्मरोधी—गुग्गुल, कोल्चिकम ।

(झ) अर्बुदरोधी—विंका ।

(ञ) कुष्ठरोधी—चालमोगरा तेल ।

(ट) मधुमेहरोधी—टेरोकार्पस, जिमनेमा, सिल्वेस्ट्रो ।

(ठ) मूत्रल—गोखरू, पुनर्नवा ।

(ड) अतिसाररोधी—इपिकाक् आन्हा ।

(ढ) प्रतिरोधी तथा विसंक्रामक—बेन्जोइन, बोल, नीम, करकुमा ।

(ण) मेलरियारोधी—सिन्कोना ।

(त) गर्भाशयसंकोचक—अर्गट ।

(थ) विटामिन—शार्क लिवर आइल, आमला ।

(द) एन्जाइम—पपीता डायस्टेज, समीर (ईस्ट) ।

(ध) सुगंधित द्रव्य तथा सुरसकारक—पिपरमिंट का तेल, लेमन तेल, नारंगी तेल, लेमनग्रास तेल, चंदन काष्ठ ।

(न) भेषजिक सहायक—शहद, मूंगफली का तेल, स्टार्च, केओलिन, पेक्टिन, जैतून का तेल, लेनोलिन, मधुमोम, ऐकेशिया, टंगाकेंथ सोडियम ऐल्जिनेट, अगार, ग्वार गोंद, जिलेटिन ।

(प) विविध मधुमष्टिका—लहसुन पिक्रोराइजा, (कुटकी), डाइसकोरिया, अलसी, शतावरी, शंखपुष्पी, अधूरफरा, तम्बाखू ।

6—बाजार के लिए अपरिष्कृत औषधियों को इकट्ठा करना तथा तैयार करना जैसा कि आर्गट, अफीम, सर्पगंधा, डिजिटेलिस, सनाय द्वारा उदाहरणित है ।

7—सूचर (सीवन) तथा सर्जीकल ड्रैसिंग में उपयोग में आने वाले तन्तुओं के स्त्रोत, विरचना तथा पहचान का अध्ययन—रुई, सिल्क वूल तथा पुनर्जनित तन्तु ।

8—निम्नलिखित औषधियों का समग्र रचनात्मक अध्ययन—सनाय, धतूरा, दालचीनी, सिन्कोना, सौंफ, लौंग, अदरक, कुचला, दूपि काकुआन्हा ।

भेषिजिक रसायन :—

क्रियात्मक : (75 घन्टे)

1—आकृतिक लक्षणों द्वारा औषधियों की पहचान ।

2—जहां कहीं भी उपयोज्य हो, औषधियों के मूल्यांकन के लिए भौतिक एवं रसायनिक परीक्षण ।

3—निम्न औषधियों का समग्र रचनात्मक अध्ययन (टी० एस०) सनाय, धतूरा, दालचीनी, सिन्कोना, धनिया, सौंफ, लौंग, अदरक, कुचला, इपिकाकुआनहा ।

4—तन्तुओं तथा सर्जीकल ड्रैसिंग की पहचान ।

1.4 जीवरसायन तथा नैदानिक विकृति विज्ञान

सिद्धान्त : (50 घन्टे)

1—जीवरसायन से परिचय ।

2—प्रोटीनस, पॉलीपेप्टाइड्स तथा एमिनों—एसिड्स का संक्षिप्त रसायन तथा भूमिका, वर्गीकरण, गुणात्मक परीक्षण, जैविक मान, हीनताजन्य रोग ।

3—कार्बोहाइड्रेटों का संक्षिप्त रसायन तथा भूमिका, वर्गीकरण, गुणात्मक परीक्षण कार्बोहाइड्रेट चयापचय से संबंधित रोग ।

4—लिपिडों का संक्षिप्त रसायन तथा भूमिका, वर्गीकरण, गुणात्मक परीक्षण लिपिड चयापचय से संबंधित रोग ।

5—विटामिनों तथा सह-ऐन्जाइमों का संक्षिप्त रसायन तथा भूमिका ।

6—जीवन के प्रक्रमों में खनिजों एवं जल की भूमिका ।

7—ऐन्जाइम : ऐन्जाइमी क्रिया की संक्षिप्त संकल्पना, इसको प्रभावित करने वाले कारक, चिकित्सा के लिए तथा भेषजिक महत्व ।

8—प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट तथा लिपिडों के सामान्य एवं अपसामान्य चयापचय की संक्षिप्त संकल्पना ।

9—रक्त एवं मूत्र के विकृति विज्ञान से परिचय :

(अ) लसीकाकोशिएं तथा बिम्बाणु उनकी स्वास्थ्य तथा रोग में भूमिका ।

(ब) लोहितकोशिकाएं—अपसामान्य कोशिकाएं तथा उनकी सार्थकता ।

(स) मूत्र के अपसामान्य संघटक उनकी रोगों में सार्थकता ।

क्रियात्मक : (75 घन्टे)

1—प्रोटीन, एमिनोएसिड, कार्बोहाइड्रेट तथा लिपिडों की खोज तथा पहचान ।

2—रक्त तथा मूत्र के सामान्य एवं अपसामान्य संघटकों का विश्लेषण (ग्लूकोज, यूरिया, क्रिएटीन, क्रिएटिनीन, कोले-स्टेरोल, एल्कालाइन फास्फेटेज, एसिड फोस्फेटेज, बिलिरुबिन, एस०जी०पी०टी०, एस०जी०ओ०टी० कैल्सियम, डायस्टेज, लाइपेज) ।

3—थूक तथा मल की परीक्षा (सूक्ष्मदर्शी तथा अभि-रंजन)

4—औषधियों को अन्तः पेशी, अवत्वक तथा अन्तः शिरा मार्गों द्वारा इन्जेक्शन देने का अभ्यास, रक्त नमूनों को निकालने का अभ्यास ।

1.5 मानव शरीर रचना एवं शरीर क्रिया विज्ञान

सिद्धान्त : (75 घन्टे)

1. शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान का विस्तार । शरीर रचना विज्ञान में प्रयुक्त विभिन्न शब्दावली की परिभाषा ।

2. कोशिका की संरचना, उसके घटकों का सूत्रकणिका तथा माइक्रोसोमों के विशिष्ट सन्दर्भ के साथ कार्य ।

3. शरीर के प्रारम्भिक ऊतक, अर्थात उपकला ऊतक, पेशी-ऊतक, संयोजी ऊतक तथा तंत्रिका ऊतक ।

4. अस्थिकंकाल की संरचना एवं कार्य संधियों का वर्गीकरण तथा उनके कार्य, संधि विकार ।

5. रक्त की रचना, रक्त अवयवों के कार्य रक्त वर्ग तथा रक्त स्कंदन, रक्त विकारों के बारे में संक्षिप्त सूचना ।

6. लसीका ग्रंथियों के नाम तथा कार्य ।

7. हृदय के विभिन्न भागों की संरचना तथा कार्य । मुख्य धमनियों तथा शिराओं के नामों तथा स्थितियों के विशिष्ट संदर्भ सहित धमनी तथा शिरा तंत्र रक्त दाब तथा उसको रिकार्ड करना । हृद-वाहिका विकारों के बारे में संक्षिप्त सूचना ।

8. श्वसन तंत्र के विभिन्न भाग और उनके कार्य । श्वसन का क्रिया विज्ञान ।

9. मूत्र तंत्र के विभिन्न भाग और उनके कार्य, थूक की संरचना एवं कार्य—मूत्र निर्माण का शरीर क्रिया विज्ञान वृक्क रोग शोथ का वैकृत-शरीर क्रिया विज्ञान ।

10. अस्थिकंकाल की पेशियों की संरचना पेशी संकुचन का शरीर क्रिया विज्ञान, विभिन्न कंकाल पेशियों के नाम, स्थिति तथा संचरन । तंत्रिका-पेशी संगत का शरीर क्रिया विज्ञान ।

11. केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र के विभिन्न भाग । मस्तिष्क और उसके भाग, कार्य तथा प्रतिवर्त क्रिया । स्वचालित तंत्रिका तंत्र का शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान ।

12. स्वाद, गंध, कर्ण, नेत्र तथा त्वचा के अंगों की संरचना तथा कार्य का प्रारम्भिक ज्ञान, वेदना का शरीर क्रिया विज्ञान ।

13. पाचन तंत्र, पाचन तंत्र के विभिन्न भागों के नाम तथा उनके कार्य यकृत की संरचना एवं कार्य – पाचन एवं अवशोषण का शरीर क्रिया विज्ञान ।

14. अन्तः स्रावी ग्रंथियाँ तथा हार्मोन—ग्रन्थियां के स्थान, उनके हार्मोन तथा कार्य :

पीयूषिका, अवटु, अधिवृक्क तथा अग्न्याशय

15. जनन तंत्र—जनन तंत्र की शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान ।

क्रियात्मक : (50 घन्टे)

1. मानव कंकाल का अध्ययन ।

2. निम्न तंत्रों तथा अंगों का चार्ट तथा माडॅल की मदद से अध्ययन :

(क) पाचन तंत्र
(ख) श्वसन तंत्र
(ग) हृद वाहिका तंत्र
(घ) मूत्र तंत्र
(ङ) जनन तंत्र
(च) तंत्रिका तंत्र
(छ) नेत्र
(ज) कर्ण

3. उप कला ऊतक, हृद पेशी, चिक्कण पेशी, कंकाल पेशी, संयोजी ऊतक तथा तंत्रिका ऊतकों की सूक्ष्मदर्शी परीक्षा ।

4. टी० एल० सी० (पूर्ण श्वेतकोशिका गणना, डी० एल० सी० (विभेदी श्वेतकोशिका गणना) तथा मलेरिया परजीवी के लिए रक्त फिल्मों (आलेप) की परीक्षा ।

5. रक्त के स्कंदन (आंतचन) समय का निर्धारण, लोहितकोशिका अवसादन दर (ई० एस० आर०) तथा हीमोग्लोबिन मान ।

6. शरीर तापमान नाड़ी हृदय दर, रक्तदाब तथा ई० सी० जी० (विद्युत हृदलेख) को रिकार्ड करना ।

1.6 स्वास्थ्य शिक्षा और सामुदायिक फार्मेसी सिद्धान्त

(50 घन्टे)

1. स्वास्थ्य की संकल्पना—शरीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य, आत्मिक स्वास्थ्य की परिभाषा स्वास्थ्य के निश्चायक, स्वास्थ्य के संकेतक, रोग की संकल्पना, रोगों का प्राकृतिक इतिवृत्त, रोग कारक, रोगों के रोकथाम की परिकल्पना ।

2. पोषण तथा स्वास्थ्य—खाद्यों का वर्गीकरण, आवश्यकताएं, प्रोटीन, विटामिन तथा खनिजों की कमी के कारण प्रेरित रोग-चिकित्सा तथा रोकथाम ।

3. जानपद विज्ञान तथा परिवार नियोजन—जानपदविज्ञान प्रजनन शक्ति परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक पद्धतियां, आचरण सम्बंधी पद्धतियां, प्राकृतिक परिवार नियोजन पद्धति, रासायनिक पद्धति, क्रिया विधितक पद्धतियां, हार्मोनी गर्भनिरोधक, भारत में जनसंख्या समस्या ।

4. प्रथम सहायता—स्तब्धता सर्पदन्श दग्ध विषाक्तता, हृदय रोग, अस्थिभंग में आपात चिकित्सा तथा प्रत्यावर्तन पद्धतियों लघु शस्त्र कर्म तथा ड्रेसिंग के तत्व ।

5. पर्यावरण तथा के स्वास्थ्य—जल प्रदाय स्रोत जल प्रदूषण जल शुद्धीकरण स्वास्थय वायु कोलाहल (शोर) प्रकाश ठोस उच्छिष्ट निपटान तथा नियंत्रण-रोग कीट-विज्ञान अन्थ्रोपाइड (नरान) से उत्पन्न रोग और उनका नियंत्रण, कृन्तकप्राण, जन्तु तथा रोग ।

6. सूक्ष्मजीव विज्ञान के आधारभूत सिद्धान्त सूक्ष्मजीवियों का वर्गीकरण पृथक्करण सामान्य रोग के जीवों की अभिरंजन प्रविधियां ।

7. संचारी रोग—उत्पादक कारक संचरण की प्रणाली तथा रोकथाम ।

(अ)—श्वसन संक्रमण—छोटी माता, रोमान्तिका (खसरा) इन्फल्यूऐंजा, डिप्थीरिया (रोहिणी), कूकेर खांसी तथा यक्ष्मा ।

(ब)—आंत्र संक्रमण: पोलिमेरु रज्जुशोथ, यकृतशोथ, विसूचिका (हैजा), टाइफाइड (आंत्र ज्वर), खाद्य विषाक्तता, अंकुशकृमि संक्रमण,

(स)—आर्थ्रोपोड्‌स से उत्पन्न संक्रमण—प्लेग, मलेरिया, फाइलेरिया रोग,

(ड)—पृष्ठीय संक्रमण—अलर्क (रेबीज), ट्रैकोमा (रोहे), टिटनेस (धनुस्तंभ), कुष्ठ

(ई)—यौन द्वारा संचारित रोग—सिफिलिस, गोनोरिया (सूजाक), एड्स

8. असंचारी रोग—रोग उत्पन्न करने वाले कारक, रोकथाम देखरेख तथा नियंत्रण; कैंसर, मधुमेह—अंधता, हृदवाहिका रोग ।

9. जानपदिक रोग विज्ञान—इसका विस्तार, पद्धतियां, प्रयोग, रोग संचारण शक्तिकी इम्युनिटी तथा इम्यूनीकरण; इम्यून सम्बन्धी और उनकी मात्रा अनुसूची । रोग नियंत्रण के नियम तथा रोक थाम, अस्पताल अर्जित संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण । विसंक्रमण, विसंक्रमण के प्रकार, मल, मूत्र, थूक, कमरा, लिनेन, मृतदेह, (यंत्रों उपकरणों) के लिए विसंक्रमण प्रक्रिया ।

2. 1 औषधि निर्माण विज्ञान—II

सिद्धान्त (75 घंटे)

1. औषधि-योजन फार्मेसी :—

(1) औषधि-पत्र (नुस्खा) — औषधिपत्रों को पढ़ना तथा समझना आम तौर पर लेटिन शब्दों का प्रयोग होता है (विस्तृत अध्ययन आवश्यक नहीं है), मैट्रिक सिस्टम के अपनाने तथा औषधि करने निर्देश की आधुनिक पद्धतियां औषधि योजन में शामिल परिकलन ।

(2) औषधि पत्रों में असंगतियां—विभिन्न प्रकार की संगतियों भौतिक, रासायनिक तथा चिकित्सार्थ—का अध्ययन ।

(3) मात्राशास्त्र—औषधियों की मात्रा तथा मात्रानिर्धारण मात्रा को प्रमाणित करने वाले कारक, आयु, लिंग तथा पृष्ठीय क्षेत्र के आधार पर मात्राओं का परिकलन—पशु-चिकित्सा मात्राएं ।

2. औषधि-योजित औषधप्रयोग :

(नोट—निम्न औषधि-योजित औषध प्रयोग का विस्तृत अध्ययन आवश्यक है । सैद्धान्तिक और क्रियात्मक पहलुओं से योग निर्माण करने की पद्धतियों, उचित पात्रों तथा संवरणों का प्रयोग । लेबल लगाने की आवश्यकताओं तथा स्टोर करने की अवस्थाओं की विशिष्टता होनी चाहिए) ।

(I) चूर्ण (पाउडर)—चूर्णों के प्रकार चूर्णों ग्रेन्यूल (कणिका), केशे (पुटक) तथा टिकिया संम्प्रेषणों की अनुकूलताएं एवं प्रतिकूलताएं औषधिपत्रों में गिनाए गए चूर्णों के विभिन्न प्रकारों का योग निर्माण—तोल करने की पद्धतियां, तोल करने में संभव त्रुटियां, न्यूनतम तोल करने योग्य राशि तथा न्यूनतम तोल करने योग्य राशि के नीचे पदार्थ को तोलना, तोलना, ज्यामितीय तनुता तथा औषधि योजन तुला का समुचित प्रयोग तथा रेखभाल ।

(II) मुख द्वारा ली जाने वाली द्रव औषधि की मात्रा निर्धारण फार्म :

(अ) एकावस्थ—आम तौर पर प्रयुक्त अनुपानों सहित सैद्धान्तिक पहलू, आवश्यक सहयोगी सोवहार जैसे स्थायीकर (स्टेबिलाइज़र) रंजनकर तथा सुगंधकर ।

सूत्रण तथा क्रियात्मक पद्धतियों के विस्तृत वर्णन सहित निम्न एकावस्थ द्रवों का पुनरावलोकन ।

आन्तरिक प्रयोग के लिए द्रव	बाह्य प्रयोग अथवा श्लेष्मिककला पर प्रयोग हेतु द्रव
मिश्रण तथा सान्द्र सिरप (शर्बत) एलिक्सिर	गरारे मुख धावन कंठ–लेप डूश कर्ण बिन्दु नासा बिंदु तथा फुहार लिनिमेंट लोशन

(ब) द्विप्रावस्थिक द्रव मात्रा निर्धारण फार्म ।

(1) निलम्बन (सस्पेंशन) (प्रारम्भिक अध्ययन)–विसरण शील ठोस तथा द्रव एवं उनके योगों से सम्मिलित–निलम्बन सहयोगों का अध्ययन, जिनका प्रयोग मोटा करने वाले कारकों, भिगोने वाले कारकों के रूप में होता है, उसकी आवश्यकता तथा समावेश होने वाली राशि (मात्रा) अवक्षेप बनाने वाले द्रवों जैसे टिंक्चर का निलम्बन, उनके योग तथा स्थायित्व । रासायनिक अभिक्रिया द्वारा उत्पन्न निलम्बन अणिति/अनूर्णिति निलम्बन पद्धति से परिचय ।

(2) इमल्शन–इमल्शन के प्रकार, इमल्शन पद्धतियों की पहचान, इमल्शन का सूत्रण, इमल्सीकर कारकों का चयन । इमल्शनों में अस्थिरताएं । इमल्शनों का रक्षण ।

(3) अर्ध–घन मात्रानिर्धारण फार्म :

(अ) मरहम–मरहमों के प्रकारण, वर्गीकरण तथा चयन–त्वचाविज्ञान संबंधी अनुपान । निम्न प्रक्रमों द्वारा मरहमों का योग निर्माण एवं स्थायित्व : (1) सम्प्रेषण, (2) संयोजन (3) रासायनिक अभिक्रिया (4) इमल्सीकरण ।

(ब) पेस्ट–मरहम तथा पेस्ट के बीच भेद पेस्ट का आधार पेस्ट का योग निर्माण तथा उसका रक्षण ।

(स) जैली—विभिन्न प्रकार की जैलियों तथा उनके योग निर्माण से परिचय ।

(द) पुल्टिस का प्रारंभिक अध्ययन ।

(ई) सपोजीटरी (वर्तिका) तथा पेसरी—उनके सापेक्ष गुण तथा अवगुण, वर्तिक, के प्रकार, वर्तिका रोगी, वर्गीकरण : गुण, वर्तिकाओं की निर्माण तथा पैक करना । औषधि अवशोषण के लिए वर्तिकाओं का प्रयोग ।

(4) वस्त तथा प्रसाधन योग :

डैन्ट्रिफिसेज से परिचय, आनन श्रृंगार प्रसाधन, गंधहर, प्रतिस्वेदक, शैम्पू, हेयर ड्रेसिंग तथा हेयर रिमूवर (बालों को अरग करने वाले)

(5) निर्जीवाणुक मात्रा निर्धारण फार्म :

(अ) आन्त्रेतर मात्रा निर्धारण फार्म–परिभाषा, आन्त्रेतर मात्रा निर्धारण फार्म के लिए सामान्य आवश्यकताएं आन्त्रेतर सूत्रण के प्रकार, अनुमापन सहयोगी, संसाधन, कर्मचारी, सुविधाएं, गुण नियंत्रण । अन्तः शिरा तरलों तथा अधिमिश्रणों निर्माण पूर्ण आन्त्रेतर पोषण अयोहन तरल ।

(ब) निर्जीवाणुकता परीक्षण—कणमय द्रव्य मापक–क्रिया—त्रुटिपूर्ण सील—संवेष्टन ।

(स) नेत्र उत्पाद—विभिन्न नेत्र योगों के आवश्यक गुणों का अध्ययन । सूत्रण सहयोज्य । नेत्र उत्पादों के स्टोर करने में विशेष सावधानियां ।

क्रियात्मक (100 घन्टे)

कम से कम 100 उत्पादों का औषधि योजन जिसमें उनके योग आते हैं जैसे मिश्रण (मिक्सचर), इमल्शन, लोशन, लिनिमेंट कर्ण नासा । कण्ठ योग, मरहम, वर्तिका, चूर्ण, असंणत पत्र इत्यादि अनुशंसित पुस्तकें (नवीनतम संस्करण)

(1) भारतीय भैषजकोष

(2) ब्रिटिश भैषजकोष

(3) राष्ट्रीय सूत्र संहिताएं (एन० एफ० आई०, बी०एन० एफ०)

(4) रेमिंग्टन भैषजिक विज्ञान ।

(5) मार्टिन्डेल अतिरिक्त भेषज कोश

2.2 भैषजिक रसायन—II

सिद्धांत (100 घंटे)

1. 3 वलयों वाले विषम –चक्रिक तंत्र के विशिष्ट संदर्भ में कार्बनिक रासायनिक तंत्रों की नामावली से परिचय ।

2. निम्न भैषजिक कार्बनिक योगिकों का रसायन जो उनकी नामावली, रासायनिक संरचना, प्रयोग तथा मुख्य भौतिक तथा रसायनिक गुणों से युक्त है (केवल उन योगिकों की रासायनिक संरचना जो (✕) से चिह्नित है ।

इन औषधियों के विभिन्न प्रकार के भैषजिक सूत्रण एवं उनके लोकप्रिय व्यापारी नाम तथा स्थायित्व एवं संचयन की अवस्था ।

प्रतिरोधी तथा विसंक्रामक—प्रोफलेवीन*,

बेंजल कोनियम क्लोराइड, सेट्रीमाइड,

क्लोरो क्रीसोल*, क्लोरोजाइलीन, फोर्मेल्डिहाइड विलयन है क्साक्लोरोफीन, द्रवीकृत फीनोल, नाइट्रो फरेन्टॉइन ।

सल्फानामाइडस—सल्फाडिआ जीन, सल्फाक्वानिडीन* थैलिल सल्फाथिआजोल, एक्सीनिल, सफफाथिआजोल, सल्फाडिमैथोक्सीन, सल्फामैथोक्सी पाइरीडिआजीन, सल्फा-मैथोक्साजोल, कोट्राइमोक्साजोल, सल्फा सीटा माइड*

कुष्ट रोधी औषधियां—क्लोफाजिमीन, थिआमबुटाजोन, डैप्सोन*, सोलेप्सोन

यक्ष्मारोधी औषधियां—आइसोनाइजिड*,

पी०ए०एस०* स्ट्रैप्टोनाइसिन, रिफेम्पिसिन, इथैम्बुटोल, थाया-सिटाजोन, एथिनामाइड, साइक्लोसेरीन, पाइराजिनामाइड* प्रति अमीवा तथा कृमिनाशक औषधियां—इमेटीन, मैट्रो-निडाजोल, हेलोजेनेटेड हाइड्रोक्सि क्वि नोलीन, डाइलोक्सा-माइड फूरोएट, पैरोमोमीसिन, पाइपेराइजीन*, मेबेन्डा जोल, डी०ई०सी०* ।

प्रतिजीवी औषधियां—बेंजिल पैनिसिलिन*, फीनोक्सी-मेथिल पैनिसिलिन*, बैन्जाथीन पैनिसिलिन, एम्पिसिलिन*, क्लोक्सिसिलिन कार्बोनिसिलिन, जेन्टामाइसिन, निओमाइ-सिन, इरिथ्रोमाइसिन, टेट्रासाइक्लीन, सिफालेक्सिन, सिफे-लोरिडीन, सेफालोथिन, ग्राइसोफल्विन, क्लोरेम्फेनिकोल ।

कुवकरोधी कारक—अन्डेसाइलेनिक अम्ल, टोलनाफेटेट, निस्टैटिन, एम्फोटेरेसिन, हेमिसिन ।

प्रतिमलेरिया औषधियां—क्लोरोक्विन*, एमोडिओक्विन, प्राइमाक्विन, प्रोग्वानिल, पाइरीमैथामीन*, क्विनीन, ट्राइमैथोप्रिम ।

प्रशान्तक औषधियां—क्लोरप्रोमाजीन प्रोक्लोर प्रोमाजीन, ट्राइफलरो पेराजीन, थायोथिजीन, हेलोपेरिडोल, ट्राइपेरिडोल, ओक्सीपरटीन, क्लोरडायोजेपोक्साइड, डाया-जेपाम*, लोराजेपाम, मेप्रोबामेट ।

निद्राकर औषधियां—फेनोबार्बिटोन, ब्यूटोबार्बिटोन साइक्लोबार्बिटोन नाइट्राजेपाम ग्लुटैथिमाइड मैथिप्राइलोन, पैरल्डीहाइड, ट्राइक्लोफोस सोडियम ।

सामान्य संज्ञाहरण औषधियां—हैलोथेन,* साइक्लो प्रोपने*, डाइएथिल ईथर*, मेथोहेक्सिटल सोडियम, थायोपेन्टल सोडि-यम, ट्राइक्लोर एथिलीन ।

प्रत्यवसादक औषधियां—एमिट्रिप्टीलीन, नौरट्रिप्टीलीन, इमिप्रेमीन, फेनेलजीन, ट्रेनिल साइप्रोमीन ।

संजीवक औषधियां—थियोफाइलीन, कोरा मीन*, डेक-सट्रो एम्फेटामीन, केफीम ।*

एड्रिनलिनधर्मो तेजक औषधियां—एड्रिनलीन* नारएड्रिन-लीन आइसोप्रेनेलीन*, फेनिलेफ्रीन, सालब्यूटमोल, टार-ब्यूटालीन, इफैड्रीन*, सूडोइफैड्रीन, एड्रिनलीन धर्मोत्ते जक विरोधी औषधियां टोलाजोलीन, प्रोप्रानोलोल*, प्रेक्टोलाल ।

कोलीनधर्मोत्तेजक औषधियां—निओस्टिअमीन*, पाइ-रिडोस्टिममीन, फेलिडोक्सीम, पाइलोकापीन, फिजियोस्टि-ग्मीन*

कोलीनधर्मोत्तेजक विरोधी औषधियां—एट्रोपीन*, हायो-सीन, हेमेट्रोपीन, प्रोपेन्थैलीन,* बैन्जट्रोपीन, ट्रेपिकामाइड, बाइपैरिडीन,*

मूत्रल औषधियां—फ्यूरोसिमाइड*, क्लोरोथियाजाइड, हाइड्रोक्लोरथिया-जाइड, बैन्जोथियाजाइड, यूरिआ*, मेनिटोल, एथाक्राइनिक अम्ल ।

हृद-वाहिका औषधियां—इथिल नाइट्रेट, ग्लिसेरिल ट्राइनाइट्रेट, एल्फा मेथिल डोपा, ग्वानेथिडीन, क्लोफाइब्रेट क्विनिडीन ।

अल्पग्लूकोजरक्तक कारक—इन्सुलिन, क्लोरप्रोपामाइड*, टोलबुटामाइड, ग्लाइबेनक्लेमाइड, फेनफोर्मिन*, मेटफोर्मिन

स्कंदक तथा प्रतिस्कंदक औषधियां—हिपैरिन, थ्रोम्बिन मेनाडिओन*, बिस-हाइड्रोक्सी क्यूमारीन*, वारफेरीन सोडियम

स्थानिक संवेदनाहर औषधियां—लिग्नेपेरिन*, प्रोकेन*, बेन्जोकेन, हिस्टामीना तथा प्रतिहीस्टामीन कारक—हिस्टा-मीन, डाइफेमेन हाइड्रामीन, प्रोमेथाजीन, साइप्रोहेपोटाडीन, मेपिरामीन, फैनिरामीन, क्लोरफेनिरामीन*, वेदनाहर तथा ज्वरहर औषधियां—मोर्फीन, पैथिडीन*, कोडीन, मैथाडोन, एस्पिरिन*, पैरासीटामोल, एनाल्जिन, डेक्सट्रोप्रोजोक्सीफेन, पेन्टाजोसिन । स्टेराइडो शोथरोधी कारक—इन्डोमेथासीन*, फेनिलबूटाजोन*, आक्सीपेन बूटाजोन, आइबूप्रोफेन, थाइ-रोक्सीन तथा प्रत्यवट औषधियां—थाइरोक्सीन, मैथीमेजोल, मैथिल, थायोयूरेसिल, प्रीपिल, थायो यूरेसिल, नैदानिक कारक-आयोपानोइक अम्ल, प्रोपिल आयोडीन, सल्फोब्रोमोथेलिन सोडियम, इन्डिगो टिन्डि सल्फोनेट सोडियम (इन्डोगो कार-मीन) इवान्स ब्लू कोन्गोरैड, फ्लूओरेससीन सोडियम आक्षेप-रोधी, कार्डिक ग्लकोसाइड, अतालतारोधी, रक्तदाबरोधी तथा विटामिन

स्टेराइडी औषधियां—बीटामेथाजोन, कोर्टिसोन, हाइड्रो-कोर्टिसोन, प्रेडनिसोलोन, प्रोजेस्टेटन, टैस्टीस्टेरोन, ईस्ट्रेडि-ओल, नेन्ड्रोलीन ।

अर्बुदरोधी औषधियां—एक्टिनोमाइसिन, एजाथियापूरीन, बुसल्फान, क्लोरेम्बुसिल, सिस्प्लेटिन, साइक्लोफोस्फेमाइड, डानेरू बिसिन हाइड्रो-क्लोराइड, फ्लूओरोयूरेसिल, मर्के-प्टोप्यूरीन, मेथोट्रेक्सेट, माइटोमाइसिन अनुशंसित पुस्तकें (नवीनतम संस्करण)

1. भारतीय भेषजकोश
2. ब्रिटिश भेषजिक कार्डेक्स
3. मार्टिन्डेल—अतिरिक्त भेषजकोश

क्रियात्मक (75 घंटे)

1. कार्बनिक औषधियों का तंत्रानुसारी गुणात्मक परीक्षण जिसमें विलेयता निर्धारण, गलन बिन्दु तथा/या क्वथन बिन्दु तत्वों तथा क्रियात्मक वर्गों की खोज (10 यौगिकें) सम्मिलित है।

2. भारतीय भैषज कोश (आई० पी०) में शामिल कुछ औषधि वर्गों के लिए आधिकारिक पहचान परीक्षण जैसे बार्बिट्रेट्स, सल्फोनामाइड्स, फेनोथियाजीन्स, प्रतिजीवी औषधियां आदि (8 यौगिक)

3. तीन साधारण कार्बनिक योगों का निर्माण

2.3 भेषजगुण विज्ञान और विषविज्ञान

सिद्धांत (75 घंटे)

1. भेषजगुण विज्ञान से परिचय भेषजगुण विज्ञान का विस्तार।

2. औषधियों के प्रयोग करने के मार्ग, उनके लाभ एवं हानि।

3. औषधियों के अवशोषण के विभिन्न प्रक्रम और उनको प्रभावित करने वाले कारक, चयापचय, वितरण तथा औषधियों का उत्सर्जन।

4. औषधि क्रिया की सामान्य क्रियाविधि और वे कारक जो औषधि क्रिया को रूपान्तरित करते हैं,

5. औषधियों का भेषजगुण विज्ञान संबंधी वर्गीकरण। औषधियों से संबंधित चर्चा में निम्न पहलुओं पर बल चाहिए।

(1) केन्द्रीय तंत्रिका-तंत्र पर कार्य करने वाली औषधियां

(क) सामान्य संज्ञाहरण औषधियां, संज्ञाहरण के साथ सहायक होना अंतः शिरा संज्ञाहरण औषधियां

(ख) वेदनाहर, ज्वर हर तथा स्टेरॉइडी शोथरोधी औषधियां, स्वापक वेदनाहर औषधियां रूमेटिज्म-रोधी तथा गाउटरोधी उपचार शामक तथा निद्राकारी औषधियां, मनः औषध आक्षेप-रोधी, संजीवक औषधियां।

(ग) केन्द्रीय तौर पर कार्य करने वाले पेशी शिथिलक तथा पारकिन्सनतारोधी कारक।

(2) स्थानीय संवेदनाहर औषधियां

(3) स्वचालित तंत्रिका तंत्र पर कार्य करने वाली औषधियां

(क) कोलीन धर्मोत्तेजक औषधियां, कोलीनधर्मोत्तेजक रोधी औषधियां, कोलीनेस्टेरेजरोधी औषधियां।

(ख) एड्रिनील धर्मोत्तेजक औषधियां तथा एड्रिनलिनधर्मोत्तेजक ग्राहक रोधक।

(ग) तंत्रिका का शिरा (न्यूरोन) रोधक तथा गंडिका रोधक।

(घ) तंत्रिका-पेशी रोधक, गंभीर पेशी दुर्बलता में प्रयुक्त औषधियां

(4) नेत्र पर कार्य करने वाली औषधियां, तारातिस्फारक औषधियां ग्लोकोमा (अधिमंथ) में प्रयुक्त औषधियां।

(5) श्वसन तंत्र पर कार्य करने वाली औषधियां श्वसन उत्तेजक, श्वसनीविस्फारक नासिका विसंकुलक, कफनिस्सारक तथा कासरोधी कारक।

(6) प्रत्यम्ल, हिस्टामिन तथा सीरोटोनिन की शरीर क्रियात्मक भूमिका, हिस्टामीन तथा हिस्टामीन रोधी, प्रोस्टाग्लेंडिन।

(7) हृद्-वाहिका औषधियां, हृद्वल्यवर्ग, अतालता रोधी कारक, एन्जोइनारोधी कारक, अति रक्त-दाबरोधी कारक, परिसरीय वाहिका विस्फारक, एथिरोकाठिन्य में प्रयुक्त औषधियां।

(8) रक्त तथा रक्त को बनाने वाले अंगों पर कार्य करने वाली औषधियां, रक्तवर्धक औषधियां, स्कंदक तथा प्रतिस्कंदक, रक्त स्तम्भक, रक्त प्रति-स्थायी तथा प्लाविका (प्लाज्मा) वर्धक।

(9) वृक्का के कार्य को प्रभावित करने वाली औषधियां, मूत्रल तथा प्रतिमूत्रल औषधियां।

(10) हार्मोन तथा हार्मोन विरोधी—अल्पग्लूकोज-रक्तक कारक, प्रत्यवटु औषधियां, लिंग हार्मोन तथा मौलिक गर्भ निरोधक कोर्टिको-स्टेराइड्स।

(11) पाचन तंत्र पर कार्य करने वाली औषधियां—वातानुलोमक, पाचक, तिक्त वर्ग, प्रत्यम्ल तथा पेप्टिक व्रण में प्रयुक्त औषधियां, विरेचक तथा मृदुविरेचक (कारक), प्रवाहिका रोधी वामक, वामकरोधी तथा उद्वेष्टरोधी औषधियां।

6. सूक्ष्म जीवी रोग की रसायन चिकित्सा : मूत्र पूति रोधी, सल्फोनामाइड्स, पेनिसिलिन, स्ट्रेप्टोमाइसिन, टैट्रासाइक्लिन तथा अन्य प्रतिजीवी औषधियां यक्ष्मारोधी कारक, कुष्ठरोधी कारक, वाइरसरोधी औषधियां, कुष्ठ रोधी औषधियां।

7. प्रोटोजुआ जनित रोगों की रसायन चिकित्सा—कृमिरोधी औषधियां।

8. कैंसर की रसायन चिकित्सा।

9. विसंक्रामक तथा पूतिरोधी औषधियां प्रत्यक्ष अंग पर औषधियों की क्रिया के संबंध में विस्तृत अध्ययन आवश्यक नहीं है।

क्रियात्मक (50 घंटे)

निम्न प्रयोगों के प्रथम छः विद्यार्थियों द्वारा किए गए जायेंगे जबकि शेष अध्यापक द्वारा प्रदर्शित किए जायेंगे :—

1. K^+, Ca^{++} एसिटिल कोलीन तथा एड्रिनलीन का मेंढ़क के हृदय पर प्रभाव।

2. मेंढ़क की समोदरिका पेशी तथा गिनी पिग की शेषांत्र (इलियम) पर एसिटिल कोलीन का प्रभाव।

3. खरगोश की आंत्र पर आकर्षजन तथा शिथिलकों का प्रभाव ।

4. खरगोश के स्वच्छमंडल पर स्थानिक संवेदनाहर औषधियों का प्रभाव ।

5. खरगोश के नेत्र पर तारा विस्फारकों तथा तारासंकोचकों का प्रभाव ।

6. मेंढक पर स्ट्रिकनीन की क्रिया का अध्ययन ।

7. मेंढक के हृदय पर डिजिटेलिस का प्रभाव ।

8. चूहिया में निद्राकरों का प्रभाव ।

9. चूहिया या चूहों के आक्षेपकों तथा आक्षेपरोधी का प्रभाव ।

10. पाइरोजन के लिए परीक्षण ।

11. चुहिया/चूहों में क्लोरप्रोमाजीन का पालतू बनाने का प्रभाव तथा निद्रापकता प्रबलकारी प्रभाव ।

12. गिनी पिग में प्रयोग द्वारा उत्पन्न दमा में डाइफैनिल हाइड्रामीन का प्रभाव ।

2.4 व्यवहार . भैषजिकी

सिद्धांत (50 घंटे)

1. भारत में भेषजिकी विधान का उद्गम तथा प्रगति, उसका विस्तार तथा लक्ष्य में स्वास्थ्य देखभाल तंत्र के अभिन्न अंग के रूप में "फार्मेसी (भेषजी) की संकल्पना" का विकास ।

2. व्यावसायिक आचार की सार्थकता तथा नियम-भारतीय फार्मेसी परिषद द्वारा प्रारूपित भैषजिकी आचार के कोड आलोचनात्मक अध्ययन ।

3. भैषजिकी अधिनियम, 1940 —शिक्षा विनियमन के विशिष्ट संदर्भ के साथ फार्मेसी अधिनियम का सामान्य अध्ययन, राज्य तथा केन्द्रीय परिषों की कार्य प्रणाली, इन परिषदों का संविधान तथा कार्य अधिनियम के अधीन पंजीकरण प्रक्रिया ।

4. औषधि तथा श्रंगार प्रसाधन अधिनियम, 1940 : औषधि तथा श्रंगार प्रसाधन अधिनियम तथा उसमें निहित नियमों का सामान्य अध्ययन । औषधियों के खुदरा तथा थोक वितरण से संबंधित परिभाषा तथा मुख्य लक्षण । निरीक्षण के अधिकार, नमूना लेने की प्रक्रिया तथा नियम के अधीन लाइसेंस प्राप्त करने में प्रक्रिया तथा औपचारिकताएं फार्मेसी को प्रभावकारी तरीके से चलाने के लिए सुविधाओं का प्रबंध करना अधिसूची सी० सी०, एफ०जी० जे० एच० पी० तथा एक्स के विशिष्ट संदर्भ के साथ अधिसूचियों का सामान्य अध्ययन तथा औषधियों के भंडारन की अवस्थाओं तथा लेबिल लगाने के प्रमुख लक्षय ।

5. औषधियों तथा जादूपूर्ण ढंग से उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954—अधिनियम ध्येय का सामान्य अध्ययन, विज्ञापनों जादूपूर्ण ढंग से उपचार त आपत्ति जनक एवं अनुमत विज्ञापनों पर विशिष्ट संदर्भ को प्रस्तुत करना—रोग जिनके उपचार करने का दावा नहीं किया जा सकता ।

6. स्वापक तथा साइकोट्रोपिक द्रव्य अधिनियम, 1985 ध्येय, अपराध तथा दंड के विशिष्ट संदर्भ के साथ अधिनियम का संक्षिप्त अध्ययन ।

7. निम्न अधिनियमों के अध्ययन हेतु संक्षिप्त परिचय ।

1. लागू नवीनतम औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश ।

2. विष अधिनियम 1919 (जैसा कि आज की तिथि तक संशोधित हुआ हो ।)

3. औषधीय तथा प्रसाधन योग (उत्पाद शुल्क) । अधिनियम, 1955 (जैसा कि आज की तिथि तक संशोधित हुआ हो) ।

4. संगर्भता को चिकित्सा द्वारा समाप्त करने का अधिनियम, 1971 (जैसा कि आज की तिथि तक संशोधित हुआ हो ।)

अनुशासित पुस्तकें (नवीनतम संस्करण)

सरकार द्वारा प्रकाशित उक्त नियमों के मात्र अधिनियम ।

2.5 औषध भंडारण तथा व्यापार व्यवस्था

सिद्धांत (75 घंटे)

भाग-1 : वाणिज्य (50 घंटे)

1. परिचय-व्यापार, उद्योग तथा वाणिज्य, कार्य तथा वाणिज्य के उपविभाग, अर्थ शास्त्र के तत्वों तथा व्यवस्था से परिचय—

2. व्यापार संगठनों का स्वरूप ।

3. वितरण के मार्ग ।

4. औषधि प्रयोग व्यवस्था—स्थान का चयन स्थान विन्यास तथा कानूनी आवश्यकताएं ।

खरीद करने के ध्येय तथा महत्व, सप्लायरों का चयन, भरोसे की सूचना, टैंडर, अनुबंध तथा कीमत निर्धारण तथा संबंधित कानूनी अपेक्षाएं संहिताकरण औषधि भंडारों की संभलाई तथा अस्पताल के अन्य सामानों का प्रबंध ।

5. स्टाक—नियंत्रण-ध्येय तथा महत्व, आधुनिक तकनीक जैसे ए० वी० सी०, वी०ई० डी० विश्लेषण तैयारी (लीड) समय, समूल्य माल, सुरक्षा भंडार, न्यूनतम तथा अधिकतम भंडार स्तर, किफायती आर्डर मात्रा, स्क्रेप तथा अधिशेष निपटारा ।

6. बिक्री संवर्धन, बाजार अनुसंधान, विक्रयकला, विक्रेता के गुण विज्ञापन तथा खिड़की (विंडो) प्रदर्शन ।

7. भर्ती, प्रशिक्षण, भेषजज्ञ का मूल्यांकन तथा क्षति-पूर्ति ।

8. बैंकिंग (लेन देन) तथा वित्त-बैंक की सेवा तथा कार्य, वित्त योजना तथा वित्त के स्रोत ।

भाग–II लेखा–कर्म (25 घंटे)

1. लेखा–विधि संकल्पना तथा समझौतों से परिचय, दोहरा लेखा, हिसाब–किताब (मुनीमी) विभिन्न प्रकार के लेखा।

2. रोकड़–बही।

3. सामान्य खाता–बही तथा कच्चा चिट्ठा

4. लाभ और हानि लेखा तथा पक्का चिट्ठा।

5. वित्त विवरणों के विश्लेषण की साधारण पद्धति — आय–व्यय पत्र से परिचय।

अनुशंसित पुस्तकें (सर्वोत्तम संस्करण)

रेमिंग्टन भैषजिक विज्ञान।

2.6 अस्पताल तथा क्लिनिकल फार्मेसी (भेषजी)

सिद्धान्त (75 घन्टे)

भाग I : अस्पताल भेषजी (फार्मेसी)

1. अस्पताल परिभाषा, कार्य, विभिन्न कसौटी के आधार पर वर्गीकरण संगठन, भारत में स्वास्थ्य प्रदान तंत्र तथा व्यवस्था।

2. अस्पताल फार्मेसी :

(क) परिभाषा।

(ख) अस्पताल भेषजिक सेवाओं के कार्य एवं ध्येय।

(ग) स्थान, अभिन्यास, द्रव्यों तथा व्यक्तियों का फ्लो चार्ट।

(घ) कार्यकर्ता तथा सुविधाओं की आवश्यकताएं जिसमें व्यक्तिगत तथा आधारभूत आवश्यकताओं के आधार पर उपस्कर सम्मिलित हैं।

(ङ) अस्पताल भेषजज्ञों के लिए अपेक्षाएं आवश्यकताएं तथा योग्यताएं।

3. अस्पतालों में औषधि वितरण पद्धति :—

(क) बहिरंग रोगी सेवाएं।

(ख) अंतरंग रोगी सेवाएं :—(अ) सेवाओं के प्रकार (ब) यूनिट मात्रा पद्धति की विस्तृत चर्चा, फ्लोर वार्ड स्टाक पद्धति, अनुषंगी भेषजी सेवाएं केन्द्रीय स्टेराइल सेवाएं, मध्यागत फार्मेसी।

4. निर्माण करना :

(अ) अर्थव्यवस्थापरक सोच विचार, मांग का आंकलन।

(ब) निर्जीवाणुक निर्माण—बृहत तथा लघु आयतन आन्त्रेतर सुविधाएं, आवश्यकताएं, विन्यास, उत्पादन योजना, मानव शक्ति आवश्यकताएं।

(स) अनिर्जीवाणुक निर्माण–तरल मुख द्वारा, बाह्य प्रयोग वस्तु अधिक मात्रा औषध वस्तु।

(ड) भंडारों की उपलब्धि तथा कच्चे माल का परीक्षण।

5. सर्जीकल यंत्रों तथा अस्पताल उपस्करों तथा स्वास्थ्य अतिरिक्त वस्तुओं की नाम वली तथा प्रयोग।

6. पी॰ टी॰ सी॰ (फार्मेसी भैषजिक समिति अस्पताल, सूत्र संहिता तंत्र तथा उनके संगठन, कार्य करना, संगठन।

7. औषधि सूचना सेवा तथा औषधि सूचना बुलेटिन।

8. सर्जीकल ड्रेसिंग जैसे रूई, गाज़, पट्टियां तथा श्लेपक टेप तथा उनके गुण के लिए भैषजकोशीय परीक्षण अन्य अस्पताल प्रदान अर्थात्, अतः शिरा सेट्स, बी॰जी॰ सेट्स, रायल ट्यूब, कैथीटर, सिरिंज इत्यादि।

9. रिकार्डों के रख-रखाव में कम्प्यूटरों का प्रयोग, वस्तु विवरणी नियंत्रण, औषध प्रयोग मापकक्रिया औषधि सूचना तथा अस्पताल में डाटा भंडारन तथा पुनः प्राप्ति तथा खुदरा फार्मेसी संस्थापना।

भाग II: क्लिनिक फार्मेसी

1. क्लिनिक फार्मेसी प्रेक्टिस से परिचय—परिभाषा विस्तार।

